Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 44 | शनिवार, 14 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## विधानसभा में विपक्ष पर जमकर बरसे सीएम योगी

# बोले- कांग्रेस और सपा ने किया किसानों को कर्जदाता बनाने का महापाप

**लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान सभा में कहा कि औपनिवेशिक काल ने जिस किसान को उत्पादक से उपभोक्ता बनाया, उसी किसान को कांग्रेस और सपा की सरकारों ने कर्जदाता बनाने का पाप किया है। आज स्पष्ट कृषि नीति ने परिस्थितियां पलट दी हैं। विकास की इस यात्रा में प्रदेश ने अन्नदाता को फिर से केंद्र में स्थापित किया है और कृषि-अर्थव्यवस्था को दोहरी गति से आगे बढ़ाया है। आज उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य नहीं है, ट्रिपल-टी का एक प्रतीक बन गया है। ट्रिपल टी यानी टेक्नोलाजी, ट्रस्ट और ट्रांसफार्मेशन। मुख्यमंत्री ने सपा सदस्यों से कहा कि मैंने राजू पाल और उमेश पाल की हत्या का मुद्दा इसलिए उठाया, क्योंकि आप लोगों ने माफिया को गले लगाया था। उन माफिया ने हमें आंखें दिखाने का प्रयास किया, तो दुष्परिणाम भी भुगता। हर गरीब को जीने का अधिकार, बिना भेदभाव के उनका हक मिलना चाहिए। तुष्टिकरण के नाम पर आक्रांताओं को महिमामंडन करना समाजवादियों का मुख्य धंधा बन गया है। यह कब रंग बदल दें, कोई भरोसा नहीं। तंज कसते हुए कहा गिरगिट भी आज पश्चाताप करेगा कि ये समाजवादी मुझसे भी आगे निकल गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन सरकार शहर से गांव तक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास कर रही है। हमारे खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ही हैं। सपा चार बार में जितना नहीं कर पाई, उन्होंने आधे समय में इतना कर दिया कि जिससे पूरी सपा उसमें डूब जाएगी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि गिरीश यादव कृष्ण के वंशज हैं और वो दुर्योधन के भक्त हैं।



### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किनारे बनेगा सेमी बुलेट कॉरिडोर

मुख्यमंत्री ने कहा पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे को 110 मीटर से 120 मीटर चौड़ा करने का प्रस्ताव उनकी सरकार में रखा गया था। उन्होंने यह भी कहा कि प्रस्तावित सेमी बुलेट ट्रेन हम वहीं से चलाएंगे। देश के अंदर जो नए कॉरिडोर बनने जा रहे हैं, उनके लिए हमारी तैयारी चल रही है। वाराणसी से इसे जोड़ने के लिए भूमि राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी।

## जयपुर-कोटा हाईवे पर भीषण हादसा, कार-ट्रेलर की टक्कर में एमपी के पांच लोगों की मौत



**नई दिल्ली।**

राजस्थान के जयपुर के चाकसे में शनिवार तड़के दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जहां- कोटा-जयपुर नेशनल हाईवे (ठल-52) पर सुबह करीब 5:30 बजे एक तेज रफ्तार कार आगे चल रही ट्रेलर में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे में मारे गए लोग मध्य प्रदेश के जबलपुर के रहने वाले थे। चाकसू पुलिस स्टेशन के रलड मनोहर लाल मेघवाल के मुताबिक, एक्सीडेंट शनिवार सुबह करीब 5:30 बजे चाकसू में टिगरिया मोड़ के पास हुआ। कार मध्य प्रदेश से जयपुर की ओर जा रही थी, तभी ड्राइवर को झपकी आ गई, जिससे गाड़ी आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह से चकनाचूर हो गई और लाशें अंदर बुरी तरह फंस गईं। एक महिला समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल एक युवक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। मरने वालों की पहचान अखिलेश श्रीवास्तव की पत्नी रेशमा श्रीवास्तव, राजेश राय के बेटे पीयूष राय, बबलू रजक के बेटे रजक राहुल और ड्राइवर अनुराग के तौर पर हुई है। पांचवें मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है। रजक राहुल जबलपुर शहर का रहने वाला था। हादसे की वजह से नेशनल हाईवे पर बड़ा ट्रैफिक जाम लग गया। सूचना मिलते ही लोकल पुलिस और एक्सीडेंट रिस्पॉन्स टीम मौके पर पहुंची और इलाके को खाली कराया। क्रेन की मदद से खराब गाड़ियों को हटाया गया और ट्रैफिक चालू किया गया।

## झारखंड में हाथियों का आतंक: डेढ़ महीने में 35 लोगों की ले चुके हैं जान

**हजारीबाग।** झारखंड में हाथियों के उत्पात की घटनाओं को लेकर लोगों में काफी आक्रोश है। इस वर्ष की शुरूआत से अब तक पिछले डेढ़ महीने में झारखंड के अलग-अलग इलाकों में हाथी 35 से अधिक लोगों की जान ले चुके हैं।

इनमें पश्चिमी सिंहभूम में एक ही हाथी ने 22 लोगों को मार डाला था। इसके अलावा राज्य के अलग-अलग हिस्से से हर चौथे पांचवें दिन किसी न किसी के हाथी के हमले में मारे जाने की खबरें आ रही हैं। पिछले पांच वर्षों में झारखंड में हाथियों के हमलों में 1400 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। हाथियों के हमले से राज्य के पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, हजारीबाग, रामगढ़, पलामू और चतरा जैसे जिले सबसे अधिक प्रभावित हैं। इतनी खतरनाक स्थिति के बाद भी झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार हाथियों को नियंत्रित करने में विफल साबित हो रही है। वन विभाग लाठी-डंडे, मशाल और पटाखे के भरोसे ही हाथियों को भगाने या उनके खुद जंगल की ओर चले जाने का इंतजार करने तक सीमित है।

## 'हर कोई खुद को नहीं लिख सकता शंकराचार्य', अविमुक्तेश्वरानंद विवाद पर सीएम योगी ने दी पहली प्रतिक्रिया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विवाद पर पहली बार खुलकर अपनी बात रखते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी पद की गरिमा नियम और परंपरा से तय होती है। उन्होंने कहा, क्या कोई भी व्यक्ति अपने को मुख्यमंत्री, मंत्री या किसी दल का राष्ट्रीय अध्यक्ष बताकर प्रदेश में घूम सकता है? एक व्यवस्था है, एक प्रणाली है और सबको उसका पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य का पद सनातन परंपरा में



सर्वोच्च और अत्यंत सम्मानित माना जाता है, लेकिन हर काम विधि-विधान और मान्यता के अनुसार ही होता है। विद्वत परिषद द्वारा अधिकृत व्यक्ति ही शंकराचार्य बन सकता है।

## रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार भारत, वैश्विक आर्थिक विकास का नेतृत्व करने को तैयार: पीएम मोदी



**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि आज भारत वैश्विक विकास में 16 प्रतिशत का योगदान दे रहा है और देश वैश्विक आर्थिक विकास का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। भारत दुनिया की प्रगति के एक नए इंजन के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कई अड़चनों के बावजूद विकास के नजररिये से भारत के लिए यह दशक अभूतपूर्व रहा है। उन्होंने कहा, 'आज भारत वैश्विक विकास में 16 प्रतिशत का योगदान दे रहा है और मुझे विश्वास है कि हमारा योगदान भविष्य में बढ़ता रहेगा। भारत वैश्विक आर्थिक विकास का नेतृत्व करने के लिए तैयार है और नए वैश्विक प्रगति के इंजन के रूप में उभरेगा।' प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया एक नए वर्ल्ड ऑर्डर की तरफ बढ़ रही है। उन्होंने कहा, 'आज दुनिया एक नए वर्ल्ड ऑर्डर की ओर बढ़ रही है। आज हर देश यह समझ रहा है कि उसे खुद मजबूत बनना चाहिए। दुनिया में आज जिसकी चर्चा हो रही, भारत ने उसे 2015 में ही अपनी नीति बना लिया था। भारत ने नीति आयोग की स्थापना के दस्तावेज में स्पष्ट किया था कि भारत किसी अन्य देश से एक भी विकास मॉडल का आयात नहीं करेगा।'

## टेलिकॉम कंपनियों की संपत्ति नहीं स्पेक्ट्रम, इसलिए दिवालिया प्रक्रिया के दायरे में भी नहीं: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।**

देश के दूरसंचार क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि टेलीकॉम कंपनियों को आवंटित स्पेक्ट्रम उनकी संपत्ति नहीं है और इसे इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (आइबीसी) के तहत दिवालिया कार्यवाही में शामिल नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि स्पेक्ट्रम राष्ट्र की संपत्ति है, जिस पर स्वामित्व केंद्र सरकार का है, जबकि कंपनियों को केवल लाइसेंस के माध्यम से उपयोग का सीमित अधिकार मिलता है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और एएस चंदूरकर की पीठ ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र का नियमन विशेष कानूनों के तहत होता है और इस क्षेत्र में आइबीसी का हस्तक्षेप कानूनी असंतुलन पैदा करेगा। अदालत ने माना कि कंपनियां अपने खातों में स्पेक्ट्रम को अमूर्त संपत्ति के रूप में दर्ज कर सकती हैं, लेकिन इससे स्वामित्व का अधिकार सिद्ध नहीं होता। फैसले में यह भी रेखांकित किया गया कि दूरसंचार सेवाओं का नियमन टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (टीआरएआइ) और दूरसंचार विभाग के संयुक्त अधिकार क्षेत्र में आता है, इसलिए दिवालिया कानून के जरिए इस ढांचे को बदला नहीं जा सकता।

## सत्ता पक्ष और विपक्ष की दूरियां बढ़ा गया बजट सत्र का पहला चरण




**नई दिल्ली।**

संसद के बजट सत्र के पहले चरण में विपक्ष का हंगामा, सत्ता पक्ष के साथ तीखी नोंकझोंक और सदन की कार्यवाही लगातार बाधित रही। विपक्षी महिला सांसदों द्वारा हमले की आशंका के बीच प्रधानमंत्री मोदी का नहीं बोलना, लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव और राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करने के लिए प्रस्ताव से साफ हो गया कि सत्ता पक्ष और विपक्ष का विरोध औप कटुता की सीमा पर है। ध्यान देने की बात है कि 2014 में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में सुषमा स्वराज ने आगाह करते हुए कहा था कि हम विरोधी हैं, दुश्मन नहीं। एक सामान्य से दिख रहे बजट सत्र में बजट पेश के अगले ही दिन राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू होते ही व्यक्तिगत लड़ाई में तब्दील हो गई। जनरल नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के अंश पढ़ने की राहुल गांधी की जिद शुरू हुई यह लड़ाई नेता प्रतिपक्ष के बोले बिना अन्य सांसदों को बोलने का अवसर देने से होता हुआ प्रधानमंत्री मोदी के साथ अप्रत्याशित घटना की आशंका के आरोपों तक पहुंच गई। लोकसभा अध्यक्ष ने खुद सदन को बताया कि पुख्ता जानकारी मिलने के बाद ही उन्होंने खुद प्रधानमंत्री मोदी को सदन में नहीं आने सलाह दी थी।

## पीएम मोदी ब्रह्मपुत्र पर बने कुमार भास्कर वर्मा सेतु का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 फरवरी को ब्रह्मपुत्र पर बने छह लेन वाले कुमार भास्कर वर्मा सेतु का उद्घाटन करेंगे। यह पुल केवल इंजीनियरिंग का कमाल ही नहीं है बल्कि एक टाइम कटर भी है। यह पुल गुवाहाटी और नॉर्थ गुवाहाटी के बीच यात्रा का समय 45 से 60 मिनट से घटाकर सिर्फ 7 से 10 मिनट कर देगा। 1.24 किलोमीटर का यह एक्सट्राडोज्ड पुल 8.4 किलोमीटर बड़े कनेक्टिविटी कॉरिडोर का हिस्सा है। इसे बनाने में लगभग 3,300 करोड़ रुपए का खर्च आया है। लगभग 3,300 करोड़ रुपए की लागत से बना यह स्ट्रक्चर, मौजूदा नदी क्रॉसिंग पर दवाब कम करने और असम के सबसे बड़े शहर, गुवाहाटी में बढ़ते गाड़ियों के ट्रैफिक को संभालने के लिए डिजाइन किया गया है। पीक आवर्स में, सरायघाट से होकर जाने वाले सड़क रास्ते में जाम लगने की वजह से एक घंटे से ज्यादा का समय लग सकता है, जबकि भारी मानसूनी बाढ़ या सर्दियों के घने कोहरे की वजह से फेरी क्रॉसिंग अक्सर रुक जाती है। कुमार भास्कर वर्मा सेतु एक सीधा, हर मौसम में चलने वाला जमीनी संपर्क देता है, जो ब्रह्मपुत्र के पानी के लेवल के बावजूद चालू रहता है। ट्रैफिक कम करने के अलावा, यह पुल शहर के दक्षिणी किनारे पर भीड़ कम करने के एक बड़े प्लान का हिस्सा है।



एक घंटे की दूरी घट कर रह जाएगी 7 मिनट

## संपादक की कलम से

# बांग्ला जनादेश के मायने

बांग्लादेश ने तारिक रहमान की पार्टी बीएनपी को प्रचंड जनादेश दिया है। बेशक यह अभूतपूर्व, अप्रत्याशित और ऐतिहासिक जनादेश है। संसद की कुल 300 सीटों में से 212 सीटों पर बीएनपी के उम्मीदवार जीते हैं। जिस शख्स ने निर्वासन के 17 लंबे साल लंदन में काटे हों, अचानक वक्त और परिस्थितियां बदल गईं और आज उसका प्रधानमंत्री बनना महज औपचारिकता भर है। बांग्ला लोगों ने एक लोकतांत्रिक, समावेशी, प्रगतिशील, महिला सशक्तिकरण वाले और विकासशील देश के लिए जनादेश दिया है, लिहाजा तारिक रहमान की यही सबसे गंभीर चुनौती है। जिन इस्लामवादी ताकतों ने ऐलान किया था कि अब बांग्लादेश एक मुस्लिम देश होगा और अल्लाह के कानून, यानी शरिया, से देश चलेगा। कठपुतली यूनुस इन्हीं कट्टरपंथियों की हुकूमत का हिमायती था। जनता ने उन जेहादी किस्म की कट्टरपंथी और भारत-हिंदू-विरोधी ताकतों को लगभग खारिज कर दिया है। जमात-ए-इस्लामी के 11 दलों के गठबंधन को 74 सीटें ही नसीब हुई हैं। पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई, जनरल मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज का इस्लामिक एजेंडा और मुस्लिम ब्रदरहुड धरे-धराए रह गए हैं, क्योंकि बीएनपी भी पाकिस्तान को फासले पर रखने की पक्षधर रही है। यह जनादेश छात्रों, युवाओं की बगावत की आड़ में कट्टरपंथी ताकतों के आंदोलन के 18 माह बाद सामने आया है। तब जुलाई चार्टर तय किया गया था और शेख हसीना को देश छोड़ कर भागने को विवश किया गया था, इसके पक्ष में भी 70 फीसदी से अधिक लोगों ने मतदान किया है। तख्तापलट प्रधानमंत्री शेख हसीना के बाद एक लोकतांत्रिक सरकार नया बांग्लादेश बनाएगी और भारत उस देश के साथ खड़ा रहना चाहता है, प्रधानमंत्री मोदी ने तारिक रहमान को बधाई देते हुए यह अपेक्षा की है और भरोसा दिया है। यह गौरतलब है कि करीब 20 साल बाद बीएनपी बांग्लादेश की सत्ता में लौटी है। यकीनन यह चुनाव आसान नहीं था। मतदान के दौरान 14 इलाकों में जमकर हिंसा हुई, लाठियां चलीं, बूथ पर बम धमाके किए गए, बूथ छापे गए, आधी रात में फर्जी मतदान के वीडियो ने सब कुछ बेनकाब कर दिया। इसके अलावा, अल्पसंख्यक हिंदुओं पर 4000 से अधिक हमले किए गए, उनके मंदिर, देवी-देवताओं की प्रतिमाएं खंडित की गईं, फिर भी एक करोड़ से अधिक हिंदुओं ने, लोकतंत्र और बंगाली देश की खातिर, मतदान किए। उन्होंने अवामी लीग पर पाबंदी के बावजूद बीएनपी को वोट दिए और मुस्लिम देश बनाने की साजिशों की बाजी ही पलट दी। भारी संख्या में महिलाओं ने भी बीएनपी को जनादेश दिया, जो पार्टी सत्ता में रही है और कमोबेश उनकी सोच संकीर्ण और जेहादी नहीं है। बहरहाल खूंरेजी, कत्लेआम, लूटमार, ढहती अर्थव्यवस्था का वह दौर खत्म हो रहा है। अब तारिक रहमान की बीएनपी को बंपर बहुमत हासिल हुआ है, लिहाजा वह ताकतवर नेता के तौर पर उभरे हैं। वह दो बार प्रधानमंत्री रहीं खालिदा जिया के बेटे हैं। उनके हालिया इंतकाल से भी बीएनपी के पक्ष में सहानुभूति वोट आए होंगे! तारिक के पिता जियाउर्रहमान देश के राष्ट्रपति थे। चुनौती और प्राथमिकता अब यह होनी चाहिए कि भारत के साथ रिश्ते किस तरह मधुर, सकारात्मक और सहयोगपूर्ण हो सकते हैं, क्योंकि दक्षिण एशिया में बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा और अहम कारोबारी साझेदार है। हमारा चिंतित सरोकार है कि हिंदुओं और उनके मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। कट्टरपंथी ताकतों पर नियंत्रण रखा जाए, सडक-रेल-जलमार्ग की परियोजनाएं, जिनमें भारत का मोटा निवेश है, फिलहाल दांव पर हैं। भारत सरकार की एक्ट ईस्ट नीति में बांग्लादेश एक अहम देश है। भारत उम्मीद कर रहा है कि कनेक्टिविटी योजनाओं में आपसी सहयोग बढ़ेगा। सवाल यह भी है कि ढाका में पाकिस्तान का दखल अब भी कितना रहता है? चीन बांग्लादेश में कितना दिलचस्प है? सबसे अहम यह होगा कि अब तारिक रहमान कितना भारत-समर्थक होते हैं, क्योंकि उनके नेतृत्व में ही बांग्लादेश में इंडिया आउट अभियान चलाया गया था।



ललित शर्मा
संपादक

# छात्रों और चूल्हे के बीच खड़ी शिक्षिका



प्रियंका सौरभ

अंतत:, शिक्षिका वह नींव है जिस पर पीढ़ियाँ खड़ी होती हैं। अगर वही नींव थकी हुई, उपेक्षित और अनसुनी रहेगी, तो समाज की इमारत कैसे मजबूत होगी? यह समय है कि हम शिक्षिकाओं को केवल समर्पित कहकर आगे न बढ़ जाएँ, बल्कि उनके जीवन की वास्तविकताओं को समझें—और उन्हें वह सम्मान दें, जिसकी वे वास्तव में हकदार हैं। इसके बावजूद, उसकी कमाई को अक्सर सहायक आय कहकर छोटा कर दिया जाता है, मानो उसका योगदान वैकल्पिक हो। भावनात्मक स्तर पर भी उसका संघर्ष कम नहीं है। सबको समय देने की कोशिश में वह खुद से सबसे ज्यादा समझौता करती है। बच्चों के प्रोजेक्ट, छात्रों की कॉपियाँ, परिवार की जरूरतें और सामाजिक अपेक्षाएँ—इन सबके बीच उसके अपने सपने, उसकी थकान और उसकी इच्छाएँ कहीं पीछे छूट जाती हैं। आईने में झलकते सफेद बाल और आँखों के नीचे के काले घेरे उसे याद दिलाते हैं कि जिस परफेक्शन की दौड़ में वह लगी रही, उसने उसे खुद से दूर कर दिया। लेकिन इस ताकत को स्वाभाविक मान लेना सबसे बड़ी भूल है। समाज को यह समझना होगा कि महिला शिक्षिका का धैर्य असीम नहीं है और उसका समर्पण शोषण का आधार नहीं बन सकता। यह संपादकीय किसी एक शिक्षिका की कहानी नहीं, बल्कि लाखों महिलाओं की सामूहिक गाथा है। यह एक आान है—नीतिनिमार्ताओं, शैक्षणिक संस्थानों, परिवारों और स्वयं समाज से—कि वे महिला शिक्षिकाओं के श्रम को सिर्फ.स्वीकार ही न करें, बल्कि उसका सम्मान भी करें। सहायक नीतियाँ, समान कार्य-वितरण और सबसे बढ़कर संवेदनशील दृष्टि विकसित करना आज की अनिवार्य आवश्यकता है।

समाज में कुछ धारणाएँ इतनी गहरी पैठ बना लेती हैं कि वे सवालों से परे सत्य मान ली जाती हैं। ह्लअध्यापिका की नौकरी तो सबसे आराम की हैह्व—यह वाक्य भी ऐसी ही एक सामाजिक मान्यता है, जिसे दोहराते हुए लोग शायद कभी ठहरकर यह नहीं सोचते कि इसके पीछे कितनी अधूरी समझ और कितनी गहरी उपेक्षा छिपी है। महिला शिक्षिका का जीवन इस धारणा का सबसे सशक्त, लेकिन सबसे कम सुना गया प्रतिवाद है।

एक महिला शिक्षिका का दिन अलार्म की आवाज से नहीं, बल्कि ज़िम्मेदारियों की सूची से शुरू होता है। घर के बाकी सदस्य अभी नींद में होते हैं, तब वह चाय चढ़ा रही होती है, टिफि न पैक कर रही होती है, बच्चों को जगा रही होती है और यह सुनिश्चित कर रही होती है कि रसोई में कुछ भी अधूरा न रह जाए। उसके लिए सुबह की तैयारी केवल खुद को तैयार करना नहीं, बल्कि पूरे घर को ह्लचलने लायकह्व बनाना है। इसके बाद वह अपने पेशेवर चेहरे के साथ घर से निकलती है, लेकिन उसकी चिंताएँ दरवाजे पर रुकती नहीं हैं। गैस बंद हुई या नहीं, गीजर का स्विच ऑफ है या नहीं—ये सवाल बस या ऑटो की भीड़ में भी उसके साथ चलते हैं।

विद्यालय पहुँचते ही उससे अपेक्षा की जाती है कि वह पूर्णतः एक ह्लआदर्श शिक्षिकाह्व में बदल जाए। उसकी घरेलू थकान, निजी उलझनें और भावनात्मक दबाव—सबको जैसे विद्यालय के गेट पर ही छोड़ देना अनिवार्य है। वहाँ उसे मुस्कुराना है, संयमित रहना है, बच्चों के सवालों का धैर्यपूर्वक उत्तर देना है और हर परिस्थिति में खुद को संतुलित दिखाना है। यह भावनात्मक श्रम, जिसे न वेतन पर्ची में गिना जाता है और न ही किसी मूल्यांकन में, उसकी नौकरी का सबसे भारी और सबसे अदृश्य हिस्सा है।

विडंबना यह है कि विद्यालय के भीतर भी समानता का दावा अक्सर अधूरा साबित होता है। खाली पीरियड, जिसे आराम या आत्मविकास का समय माना जाना चाहिए, महिला शिक्षिका के लिए प्रायः कॉपियों के ढेर, रिकॉर्ड्स की फाइलें और अतिरिक्त जिम्मेदारियों में बदल जाता है। दूसरी ओर, यही समय कई पुरुष सहकर्मियों के लिए अनौपचारिक चचाओं, चाय की चुस्कियों या विश्राम का अवसर बन जाता है। यह अंतर किसी लिखित नियम में दर्ज नहीं है, लेकिन व्यवहार में गहराई से मौजूद है।

शाम को जब वह घर लौटती है, तो उसकी दूसरी पारी शुरू होती है। अब वह शिक्षिका नहीं, बल्कि रसोइया, देखभालकर्ता, प्रबंधक और हर समस्या की समाधानकर्ता बन जाती है। उसके कंधे पर बैग का बोझ और हाथों में सब्ज़ियों की थैलियाँ होती हैं, लेकिन उससे अपेक्षा की जाती है कि चेहरे पर थकान की एक रेखा भी न दिखे। सबसे पीड़ादायक क्षण तब आता है, जब वह कभी अपने बोझ को शब्दों में ढालने की कोशिश करती है। ह्लअगर इतनी दिक्कत है तो नौकरी छोड़ क्यों नहीं देती?ह्व यह वाक्य सुनने में भले ही साधारण लगे, लेकिन इसके भीतर स्त्री की शिक्षा, उसकी महत्वाकांक्षा और उसके आत्मसम्मान का गहरा अवमूल्यन छिपा है। यह मान लिया जाता है कि उसकी नौकरी एक विकल्प है, एक शौक है, जिसे वह चाहे तो छोड़ सकती है।यह भुला दिया जाता है कि उसकी डिग्रियाँ—एम.ए., बी.एड. और उनके पीछे की रात-रात भर की मेहनत—सिर्फ. सजावट नहीं, बल्कि उसके अस्तित्व और पहचान का हिस्सा हैं। यह प्रश्न भी उतना ही जरूरी है कि क्या आज भी एक महिला की उच्च शिक्षा को केवल ह्लअच्छी शादीह्व और ह्लसंस्कारवान बच्चोंह्व तक सीमित करके देखा जाएगा? क्या उसकी बौद्धिक क्षमता और पेशेवर योगदान का मूल्य केवल तब तक है, जब तक वह पारिवारिक अपेक्षाओं से टकराता नहीं? ये सवाल केवल शिक्षिकाओं के नहीं, पूरे समाज के हैं। आज के आर्थिक यथार्थ में महिला शिक्षिका की नौकरी कोई विलासिता नहीं है। बढ़ती महँगाई, ईएमआई, बच्चों की स्कूल फीस और स्वास्थ्य खर्च—इन सबके बीच उसका वेतन परिवार की रीढ़ बन चुका है। वह नौकरी इसलिए नहीं करती कि उसे घर से भागना है, बल्कि इसलिए करती है ताकि उसका घर सम्मान और स्थिरता के साथ चल सके। इसके बावजूद, उसकी कमाई को अक्सर ह्लसहायक आयह्व कहकर छोटा कर दिया जाता है, मानो उसका योगदान वैकल्पिक हो। भावनात्मक स्तर पर भी उसका संघर्ष कम नहीं है। सबको समय देने की कोशिश में वह खुद से सबसे ज्यादा समझौता करती है। बच्चों के प्रोजेक्ट, छात्रों की कॉपियाँ, परिवार की जरूरतें और सामाजिक अपेक्षाएँ—इन सबके बीच उसके अपने सपने, उसकी थकान और उसकी इच्छाएँ कहीं पीछे छूट जाती हैं। आईने में झलकते सफेद बाल और आँखों के नीचे के काले घेरे उसे याद दिलाते हैं कि जिस परफेक्शन की दौड़ में वह लगी रही, उसने उसे खुद से दूर कर दिया। लेकिन इस ताकत को स्वाभाविक मान लेना सबसे बड़ी भूल है। समाज को यह समझना होगा कि महिला शिक्षिका का धैर्य असीम नहीं है और उसका समर्पण शोषण का आधार नहीं बन सकता। यह संपादकीय किसी एक शिक्षिका की कहानी नहीं, बल्कि लाखों महिलाओं की सामूहिक गाथा है। यह एक आह्वान है—नीतिनिमार्ताओं, शैक्षणिक संस्थानों, परिवारों और स्वयं समाज से—कि वे महिला शिक्षिकाओं के श्रम को सिर्फ. स्वीकार ही न करें, बल्कि उसका सम्मान भी करें। सहायक नीतियाँ, समान कार्य-वितरण और सबसे बढ़कर संवेदनशील दृष्टि विकसित करना आज की अनिवार्य आवश्यकता है।

# योगी सरकार ने प्रस्तुत किया समग्र विकास का बजट

यूपी के बजट में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की छाप दिख रही है। योगी सरकार का चुनावी वर्ष के पूर्व का यह बजट प्रदेश को समस्त क्षेत्र में विकसित बनाने का आश्वासन देने वाला बजट है, समाज को संतुष्टि प्रदान करने वाला बजटहै । बजट में समाज के चार स्तंभों युवा, किसान, गरीब व महिलाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने 2027 में संभावित विधानसभा चुनावों से पूर्व 9 लाख करोड़ रु का अब तक का सबसे बड़ा बजट विधानसभा में प्रस्तुत किया है। सत्तापक्ष, विशेषज्ञ और मीडिया भी इस बजट की सराहना कर रहे हैं। परंपरागत रूप से विपक्ष इसकी आलोचना करते हुए इसे योगी सरकार का अंतिम बजट कह रहा है। योगीराज के इस बजट का आकार भारत के पड़ोसी राष्ट्रों पाकिस्तान और बांग्लादेश के बजट से भी कई गुना बड़ा है। यूपी में योगी बजट की एक और विशेष बात है कि किसी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लगातार 10वां बजट पेश हुआ हो ऐसा पहली बार हुआ है। अभी तक किसी भी मुख्यमंत्री को लगातार इतने बजट प्रस्तुत करने का सौभाग्य नहीं प्राप्त हुआ है। यूपी के बजट में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की छाप दिख रही है। योगी सरकार का चुनावी वर्ष के पूर्व का यह बजट प्रदेश को समस्त क्षेत्र में विकसित बनाने का आश्वासन देने वाला बजट है, समाज को संतुष्टि प्रदान करने वाला बजटहै । बजट में समाज के चार स्तंभों युवा, किसान, गरीब व महिलाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। बजट में सुशिक्षित समाज, स्वस्थ समाज, नारी सशक्तीकरण ,जल सरंक्षण, पर्यावरण संरक्षण पर पर्याप्त धन आबंटित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि यह बजट नारी शक्ति, युवावर्ग, किसान, तथा वंचित वर्ग के उत्थान व खुशहाली को समर्पित है। यह विश्वस्तरीय अवस्थापना सुविधाएं, उत्कृष्ट निवेश का वतावरण, नारी समृद्धि के लिए अभूतपूर्व प्रयास, युवाओं को अद्वितीय अवसर, तकनीक संग रोजगार सृजन वाला बहुआयामी बजट है। योगी सरकार प्रदेश को देश का ग्रोथ इंजन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और यह बजट उसका प्रमाण है।



सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम पूर्ण बजट होने के बाड भी बजट में राजकोषीय अनुशासन पर बल दिया गया है और आधुनिकता पर भी ध्यान दिया गया है। सरकार लगातार बजट का आकार बड़ा करके प्रदेश के आर्थिक उन्नयन के लिए नई रणनीतियों के साथ अपनी व्यूह रचना को आगे बढ़ा रही है। महत्वपूर्ण बात है कि आइटी एवं इलेक्ट्रानिक्स क्षेत्र के बजट में 76 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, कृषि के लिए 20 प्रतिशत सिंचाई एवं जल संसाधन के लिए विगत वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था की गई है। ग्राम पंचायतों के लिए भी सरकार ने खजाना खोल दिया है और इस बार उनके लिए बजट में 67 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

प्रदेश में विधानसभा चुनावों से पूर्व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भी संभावित हैं जिनके कारण सरकार ने नई मांगो के अनुरूप सबसे अधिक 10,695 करोड़ रु की धनराशि पंचायती राज विभाग को आवंटित की है। इस वर्ष के बजट में कई नए क्षेत्रों का सृजन किया गया है व धन आवंटित कर उन्हे पोषित करने का प्रयास किया गया है। एआई तकनीक तथा डाटा सेंटर के साथ औद्योगिक विकास पर बल दिया गया है। एमएसएमई पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। हर बार की तरह एक्सप्रेस वे योजनाओं को भी धन आवंटित कर विकास की गंगा बहाने पर ध्यान दिया गया है।

## संजय एम तराणेकर



### विश्वास-अविश्वास

कविता

वर्तमान में कोई कितना भी क्यों न हो करीब,
विश्वास न कर सकते चाहे जितनी हो तारीफ।
यूं साथ में भले ही कोई खाना खा लें लजीज,
विश्वास की बात जब आये क्या वो हैं अजीज।
ये विश्वास की कमी समाज के लिए है घातक,
जरूरी नहीं की सब करीबी कर रहे हैं नाटक।
गर एक बार किसी पर भी हो जाए अविश्वास,
अवसर दीजिए क्षमा करिए दृढ़ करों विश्वास।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर एक बैठक का आयोजन

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल तिलक नगर कॉलोनी कार्यालय पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक में भारी संख्या में व्यापारी साथी व पदाधिकारी मौजूद रहे इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि लगभग पिछले 75 वर्षों से रामपुर जनपद के जिला चिकित्सालय में मेडिकल कॉलेज शुरू न होने से समय से इलाज के अभाव में लाखों नागरिकों व व्यापारियों की मृत्यु हो चुकी है प्रत्येक वर्ष लगभग पचास हजार लोग इलाज के अभाव में मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं यह रामपुर की जनता पर जुल्म व अत्याचार है चिकित्सालय में 100 बेड का मेडिकल कॉलेज शुरू होना अत्यधिक आवश्यक है क्योंकि स्वास्थ्य की दृष्टि से इलाज न मिलने के अभाव में रोते हुए तड़पते हुए बेहाल होने को रामपुर की जनता मजबूर है व हजारों गरीब लोगों की गरीबी की अर्थव्यवस्था तबाह होने की वजह से इलाज न करवा पाने व धन के अभाव में जान चली जाती है साथ ही जनपद की अर्थव्यवस्था सुधारने और रामपुर शहर का विकास करने हेतु 100 बेड का मेडिकल कॉलेज रामपुर में शुरू होना चाहिए अनाथ माता बहनों की चीख पुकार बर्दाश्त नहीं हो पा रही है मेडिकल कॉलेज रामपुर शहर के लिए एक जरूरत बनकर रह गई है मेडिकल कॉलेज ना होने से रामपुर के लोग बरेली ऋषिकेश आदि जगह पर जाते हैं व उनका अधिक पैसा खर्च होता है केवल रामपुर का चिकित्सालय रेफर केंद्र बनकर रह गया है।

# महाशिवरात्रि और रमजान को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष सना खानम ने नगर पालिका के अधिकारियो के साथ बैठक ली

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष सना खानम ने पवित्र रमजान माह को लेकर नगर पालिका के अधिकारियो के साथ बैठक कि सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था एवं पथ प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं पालिका अध्यक्ष सना खानम ने सभी सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए गए कि महाशिवरात्रि और रमजान के दौरान धार्मिक स्थलों (मन्दिर एवं मस्जिद) में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, चूना पडवाने की व्यवस्था के आसपास समुचित सफाई व्यवस्था करने और रमजान माह में आने वाले सभी शुक्रवार (जुम्मा) को विशेष सफाई करने के निर्देश दिए गए पेयजल व्यवस्था के लिए जलकल अभियंता को निर्देश दिए गए कि रमजान माह में सहरी एवं रोजा इफ्तार के समय पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए अवर अभियंता सिविल को निर्देश दिया गया कि मन्दिर एवं मस्जिद के आसपास नाली एवं नाले की पुलिया के पत्थर टूटे हैं तो उन्हें ठीक करवाया जाए। इस मोके पर स्टैनो विल्सन कुमार, प्रकाश निरीक्षक श्री अरुण, जलकल अभियंता श्री मूल चन्द, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री दिलशाद हसन, सफाई निरीक्षक श्री अविनाश, द्वारिकानाथ, राजीव वालियान, मुकेश, पथ प्रकाश प्रभारी अरुण कुमार आदि उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# डीएन पॉलिटेक्निक में चल रही पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ सफल समापन

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ** दिल्ली रोड परतापुर स्थित संस्था डी एन पॉलिटेक्निक में 9 फरवरी से प्रारंभ हुई पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को सफलतापूर्वक हुआ प्रतियोगिता के अंतिम दिन स्टाफ सदस्यों के बीच खेला गया क्रिकेट मैच दर्शकों के मध्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा जिसमें कप्तान आशीष प्रवक्ता सिविल की टीम विजेता रही मैच में आशीष, कपिल, कुलदीप, अमित एवं सागर ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से अमित कुमार को सुशोभित किया गया समस्त खेलकूद प्रतियोगिताओं के परिणाम के विश्लेषण के पश्चात नेहा शर्मा इलेक्ट्रिकल अंतिम वर्ष की छात्रा को चैंपियन एवं सादिया चौहान द्वितीय वर्ष कंप्यूटर साइंस की छात्रा को भी




कप्तान की उपाधि दी गई इसी क्रम में निशांत मैकेनिक प्रथम वर्ष मिस्टर चैंपियन एवं अभिषेक सिविल तृतीय वर्ष कप्तान बने संस्था की प्रधानाचार्य अर्चना गोयल ने उपरोक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए क्रीडा




अध्यक्ष बृजेश हरित एवं उनकी टीम को बधाई दी इस अवसर पर संस्था का समस्त स्टाफ मौजूद रहा उन्होंने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की

# महाशिवरात्रि और होली की तैयारियों को लेकर क्षेत्राधिकारी गोवर्धन ने थाने में की पीस कमेटी की बैठक



वेलकम इण्डिया

**मथुरा।** महाशिवरात्रि पर्व और होली की तैयारी को लेकर क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार सिंह और थाना प्रभारी गोवर्धन भगवत सिंह गुर्जर ने स्थानीय गणमान्य लोगों, व्यापार मंडल के पदाधिकारी, तथा आसपास के क्षेत्र के ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की जिसमें महाशिवरात्रि पर्व पर बाहर से आने वाले कांवरिया श्रद्धालुओं की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही स्थानीय लोगों से होली पर्व को शांति और सुरक्षित तरीके से कैसे मनाया जा सके इसके बारे में सुझाव लिए गए तथा जो भी समस्याएं स्थानीय लोगों ने बताई उनके निराकरण के लिए भी क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार सिंह ने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि होली पर्व आपसी भाईचारे और प्रेम का पर्व है इस पर्व पर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं भी एक अच्छा संदेश लेकर जाएं इसके लिए सभी स्थानीय लोगों को भी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने में सहयोग करना चाहिए। महाशिवरात्रि पर्व और होली पर डीग अड्डा से लेकर एकता तिराहे तक बाहरी वाहनों के प्रवेश तथा ई-रिक्शाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का भी सुझाव दिया गया। जिस पर थाना प्रभारी भागवत सिंह ने आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# टीईटी को लेकर फिर बढ़ रही शिक्षकों में नाराजगी

वेलकम इण्डिया

**मथुरा।** देश और प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किए जाने के बाद केंद्र सरकार द्वारा राहत न दिए जाने से एक बार फिर शिक्षकों में नाराजगी बढ़ रही है। वर्तमान संसद के बजट सत्र में उन्हें राहत की उम्मीद थी लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी है। ऐसे में अलग-अलग शिक्षक संगठन फिर से आंदोलन की राह पर हैं। एक तरफ जहां टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीएफआई) की ओर से प्रदेश भर में शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी का पुतला फूंका गया था। वहीं टीईटी अनिवार्यता के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ही शिक्षा मंत्रालय द्वारा सही ठहराने पर शिक्षक नेताओं ने विरोध किया सुजीत वर्मा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के टीईटी अनिवार्यता पर दिए गए आदेश के लगभग 6 महीने बाद भी केंद्र सरकार की ओर से शिक्षकों को राहत देने की प्रक्रिया नहीं शुरू की गई। उन्होंने कहा कि यह शिक्षकों के साथ धोखा व अन्याय है। इन शिक्षकों ने अपनी नियुक्ति के समय एनसीईटी द्वारा निर्धारित सभी अहताएँ पूरी कर नौकरी पाई है। आज उन पर नए नियम लगाना सही नहीं है। ऐसे निर्णय का हम कड़ा विरोध करते शिक्षाविद् जगदीश पाठक ने कहा कि 20-25 वर्ष की सेवाएं दे चुके शिक्षक अब टीईटी में शामिल होंगे। 23 अगस्त 2010 के पहले नियुक्त शिक्षकों को इस अनिवार्यता से राहत दी जाए। उन्होंने सभी शिक्षक-कर्मचारी संगठनों से इस मुद्दे पर एकजुट होकर लड़ाई के लिए आने का आह्वान किया। शिक्षक नेता सुसेंद्र मित्तल ने कहा कि अब केंद्र सरकार से आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। इसके लिए जल्द सभी संगठनों की बैठक कर व्यापक आंदोलन की घोषणा की जाएगी।

# संघ के शताब्दी वर्ष पर निकाली स्वाभिमान यात्रा

वेलकम इण्डिया

**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के तहत विद्यार्थी विभाग द्वारा नगर में हिंदू स्वाभिमान यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवक दोपहिया व चौपहिया वाहनों के माध्यम से हिंदू एकता के गगनभेदी नारों के साथ निकले। यात्रा का शुभारम्भ संघ के विभाग कार्यालय पर संत बाबा बलराम दास, मोहिनीशरण महाराज, गिरधर शरण, परमेश्वर दास त्यागी, ब्रजदास, सुश्री आराधना सोलंकी आदि संतों व संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख पदम-सिंह द्वारा भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व भगवा झंडा दिखा कर किया। तदोपरांत यात्रा मसानी, डीग गेट, होली गेट, टैंक चौराहा, भूतेश्वर, गोवर्धन चौराहा



होते हुए आनंद लोक बस्ती में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में परिवर्तित हो गई। यात्रा का जगह जगह विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा व संतों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। समापन कार्यक्रम में आशीर्वचन देते हुए समस्त संतों द्वारा देश की मजबूती के लिये हिंदू एकता पर जोर दिया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख पदम सिंह ने कहा कि भारत की अखंडता हिंदुओं की एकता में निहित है। ऐसे में जाति-पंथ, भाषा-क्षेत्र, उपासना के स्तर पर विविधता होते हुए भी हमें एकजुट रहना है।

कार्यक्रम संयोजक बिजेंद्र सिंह ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कन्हैया अग्रवाल, विजय बंटा, बच्चू सिंह, अनुराग चतुर्वेदी, संदीप शर्मा, शुभ सक्सेना, कान्हा चतुर्वेदी, ज्ञानेंद्र सिंह, गोकुलेश गौतम, हर्षित सिसौदिया, प्रदीप शर्मा, शिवा ठाकुर, ठा प्रकाश सिंह, रामजी लाल, अजय राजावत, टीटू राघव, सुनील तरकर, शानू शर्मा, वत्सल भाटिया, सर्वेंद्र सिंह, सचिन, विनायक चतुर्वेदी, अनमोल, अमन पांडे, शिवा गौतम आदि ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

# ज साहित्य परिषद न्यास ने दी गोपाल व्यास को श्रद्धांजलि, गोपाल प्रसाद व्यास की 110 वीं जन्म वर्षगांठ मनाई गई




वेलकम इण्डिया

**मथुरा।** गोवर्धन के चंद्र सरोवर परासौली स्थित सरस्वती मंदिर व्यास भवन में आयोजित जन्मदिन महोत्सव के अंतर्गत श्रेष्ठ कवि एवं विश्व विख्यात हास्य कवि, बृज भाषा के अलौकिक दीपक गोपाल प्रसाद व्यास के 110 में जन्म दिवस के उपलक्ष्य में ब्रज साहित्य परिषद न्यास के तत्वावधान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि हरी बाबू ओम ने की। गोपाल प्रसाद व्यास एक अतुलनीय कवि थे। भारत में ही नहीं वरन विश्व में इन्होंने हिंदी और ब्रजभाषा को एक सम्मान और स्थान प्रदान करने का कार्य किया। इन्हें पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी कवियों ने व्यास जी की कविताओं को सुना कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके द्वारा कहौ व्यास कैसी कटी, चंद्र सरोवर से चांदनी चौक तक आदि पुस्तकें प्रकाशित कराई गई।दिल्ली में कई जगह उनके कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।

# राष्ट्रीय माउंटेन बाइक चैंपियनशिप में अनुनय ने कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम किया रोशन



वेलकम इण्डिया

**बागेश्वर,** साइकिल फेडरेशन आफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित 22वीं राष्ट्रीय माउंटेन बाइक चैंपियनशिप में बागेश्वर के युवा साइकिलिस्ट अनुनय जोशी ने अपनी प्रतिभा से कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों व जनप्रतिनिधियों में हर्ष है। अरुणाचल प्रदेश के रोइंग में 12 से 15 फरवरी तक आयोजित हुई प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। यूथ ब्वायज वर्ग में देश के 18 राज्यों के 36 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कड़े मुकाबले में तमिलनाडु के खिलाड़ियों ने स्वर्ण और रजत पदक जीते, जबकि अनुनय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। अनुनय ने बताया कि तीनों पदकों के बीच महज चंद सेकेंड का अंतर रहा।अनुनय ने अपनी सफलता का श्रेय माता रश्मि जोशी, पिता हरीश जोशी व कोच भरत मेहता को दिया। अनुनय ने बताया कि उनके पिता स्वयं एक कुशल ट्रैकर है जो स्वयं साइकिल यात्रा कर लंबी दूरी तय करते हैं, पिताजी से प्रेरणा लेकर ट्रेकिंग और माउंटेन बाइकिंग की कला सीख कर उसी क्षेत्र में आगे बढ़ने का जज्बा लेकर आज राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीतने का मौका मिला है।उन्होंने बताया कि उनका सपना एक दिन देश के लिए मैडल जीतने का है। जिसके लिए निरंतर अभ्यास कर रहे हैं।उनकी इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे, विधायक पार्वती दास, व सुरेश गढ़िया, जिपंअ शोभा आर्या, दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, व भूपेश उपाध्याय, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, नगर पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल, एडीएम एनएस नबियाल, सीडीओ आरसी तिवारी, पूर्व विधायक ललित फर्श्वाण, आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# जिलाधिकारी मथुरा ने बच्चों के टीका लगवाने की की अपील

वेलकम इण्डिया

**मथुरा।** जनपद में बच्चों को खसरा एवं रूबेला जैसी संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित करने के उद्देश्य से विशेष खसरा-रूबेला (मीजल्स-रूबेला) टीकाकरण अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बृजवासियों, अभिभावकों, तथा जनसामान्य से अपील की है कि वे बच्चों को निर्धारित तिथि व समय पर स्कूल स्थित टीकाकरण सत्र स्थल पर अवश्य भेजें। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण ही खसरा-रूबेला जैसी गंभीर बीमारियों से बच्चों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करता है। अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, मदरसों तथा अन्य शिक्षण संस्थानों में



अध्ययनरत कक्षा 1 से 5 (5 से 10 वर्ष आयु वर्ग) के बच्चों को खसरा-रूबेला टीका लगाया जाएगा। इसके लिए विद्यालयों एवं चिन्हित स्थलों पर विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे, ताकि सभी बच्चों को इसका लाभ मिल सके। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राधा वल्लभ ने बताया कि अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिला प्रशासन, बेसिक शिक्षा विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा अन्य सहयोगी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और भविष्य की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रोहितास सिंह ने बताया कि सभी विकासखंडों में माइक्रोप्लान तैयार कर लिया गया है। टीकाकरण टीमों का प्रशिक्षण, वैक्सीन एवं आवश्यक लॉजिस्टिक्स की उपलब्धता के साथ कोल्ड-चेन व्यवस्था भी सुनिश्चित कर ली गई है, जिससे अभियान सुचारु रूप से संचालित हो सके।

# बागेश्वर पुलिस की मुस्तैदी से छः वर्षीय लापता मासूम को चंद घंटों में किया सकुशल बरामद,

वेलकम इण्डिया

**बागेश्वर,** जनपद पुलिस की त्वरित कार्यप्रणाली और मानवीय चेहरे की एक और मिसाल कोतवाली बागेश्वर में देखने को मिली। पुलिस ने घर से लापता हुई एक छः वर्षीय बालिका को महज कुछ ही घंटों के भीतर सकुशल ढूंढकर उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया। नगर में कोतवाली पुलिस को हेल्पलाइन 112 के माध्यम से छः वर्षीय मासूम बच्ची के लापता होने की सूचना मिली। जिसके बाद कोतवाली पुलिस ततत्काल हरकत में आयी।मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निदेर्शानुसार कोतवाली पुलिस ने कोतवाल अनिल उपाध्याय के नेतृत्व में तत्काल सर्च ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस टीम द्वारा आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।




स्थानीय लोगों और दुकानदारों से गहन पूछताछ की गई। संभावित स्थानों पर तत्काल पुलिस टीमें रवाना की गई।पुलिस की कड़ी मशक्कत और प्रभावी फील्ड सर्च के परिणामस्वरूप, उक्त बालिका को कुछ ही घंटों में सुरक्षित ढूंढ लिया गया।पुलिस ने बच्ची को उसकी माँ के सुपुर्द किया। अपनी लाड़ली को सुरक्षित पाकर परिजनों की आँखें नम हो गई और उन्होंने बागेश्वर पुलिस की तत्परता एवं सेवा भावना का सहृदय आभार व्यक्त किया।

# समाज सेवा करने की प्रेरणा देता है एनएसएस शिविर : अल्मिया

वेलकम इंडिया

**गरुड़।** राजकीय बालिका इंटर कालेज पाये का राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों व पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गया है। शिविर का समापन पूर्व प्रधानाचार्य व शिक्षाविद नंदन सिंह अल्मिया ने किया। इस मौके पर तनुजा जोशी को सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समापन करते हुए बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य नंदन सिंह अल्मिया ने कहा कि एनएसएस शिविर समाज सेवा करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने शिविरार्थियों से शिविर के अनुभवों को जीवन में उतारने को कहा। अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्या प्रेमा भट्ट ने शिविरार्थियों से सदैव समाज सेवा के



लिए तत्पर रहने को कहा। संचालन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी कुसुमलता ने सात दिवसीय शिविर की आख्या प्रस्तुत की। शिविरार्थियों ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान शिक्षिका ममता जोशी, रजनी, दीपाली, रिया, हिमानी, मीनाक्षी, गरिमा, नीतू, सुमन आर्या आदि मौजूद थे।

# नाली-खड़ंजे के दर्द पर आश्वासन लेखपाल ने लगाया मरहम: रंजीत यादव

वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** माल क्षेत्र के बख्शी खेड़ा गांव में जर्जर खड़ंजा लगा हुआ है। हल्की बारिश में लोगों को निकला दूभर हो जाता है।शिकायत के बाद क्षेत्रीय लेखपाल ने नक्शे पर दर्ज खड़ंजा लगवाने का आश्वासन दिया। आपको बता दें कि, ग्राम पंचायत बख्शी खेड़ा के समाजसेवी रंजीत यादव ने ग्रामीणों के साथ खंड विकास अधिकारी कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।शिकायत के माध्यम से बताया था कि, मुख्य मार्ग पर जर्जर खड़ंजा लगा हुआ है। हल्की बारिश से भी पानी भर जाता है।आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।शिकायत के मौके पर पहुंचे ग्राम विकास अधिकारी ने बजट न होने की बात कहीं।वहीं ग्राम प्रधान ने मौके का निरीक्षण करना भी उचित नहीं समझा।जिसके बाद समाजसेवी रंजीत यादव ने क्षेत्रीय लेखपाल को समस्या से अवगत कराया।मौके पर पहुंच कर क्षेत्रीय लेखपाल ने जांच के बाद आश्वासन दिया कि जितना नक्शे पर दर्ज है उसको ब्लॉक के जिम्मेदारों से वार्ता कर अतिक्रमण हटवा कर नाली का निर्माण कराया जाएगा।

# 64 लाख की दिनदहाड़े लूट का खुलासा ,पुलिस मुठभेड़ में रईस गैंग के पांच बदमाश गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ**




**हापुड़** जनपद के पिलखुआ इलाके में 31 जनवरी को दिनदहाड़े दिल्ली के एक कारोबारी से हुई 64 लाख रुपये की सनसनीखेज लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान शातिर लुटेरे रईस समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता कर पूरे मामले का खुलासा किया।गिरफ्तार आरोपियों में रईस के अलावा दानिश,जुनैद,रौनक अली और सरफराज शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, बदमाशों ने करीब तीन महीनों तक रेकी करने के बाद सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया था। तीन महीने तक की रेकी, फिर दिनदहाड़े वारदात एसपी हापुड़ ने बताया कि आरोपी लगातार कारोबारी की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। उन्हें कारोबारी के लेन-देन और आने-जाने की पूरी जानकारी थी। 31 जनवरी को पिलखुआ क्षेत्र में मौका पाकर बदमाशों ने दिनदहाड़े 64 लाख रुपये लूट लिए और फरार हो गए।घटना के बाद हापुड़ पुलिस ने कई टीमों का गठन कर जांच शुरू की थी। सीसीटीवी फुटेज,सर्विलांस और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की पहचान की गई। कुँवर ज्ञानेंजय सिंह की पुलिस टीम ने मुठभेड़ में दबोचे गए आरोपी हापुड़ पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तारी के दौरान बदमाशों ने भागने की कोशिश की,जिसके चलते मुठभेड़ की स्थिति बनी। हालांकि पुलिस ने सभी पांचों आरोपियों को धर दबोचा। उनके कब्जे से दो बाइक,एक स्कूटी और अवैध हथियार बरामद किए गए हैं।44.37 लाख रुपये बरामद हापुड़ (लंस्त्र४१) पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई रकम में से 44 लाख 37 हजार रुपये बरामद कर लिए हैं। इसके अलावा बदमाशों ने लूट की रकम से करीब 2 लाख 94 हजार रुपये के तीन मोबाइल फोन भी खरीदे थे,जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बाकी रकम की बरामदगी के प्रयास जारी हैं और मामले में आगे की पूछताछ की जा रही है।एसपी ने की प्रेसवार्ता हापुड़ जिले के पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता कर बताया कि यह पूरी वारदात बेहद सुनियोजित तरीके से की गई थी। बदमाशों का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।आगे की कार्रवाई हापुड़ पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।पुलिस का दावा है कि इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में सक्रिय एक बड़े लुटेरा गैंग का पदार्फाश हुआ है और भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगेगी।हापुड़ पुलिस अधीक्षक कुँवर ज्ञानेंजय सिंह खुलासा करने वाली पुलिस टीम 25हजार रुपये ईनामी राशि देकर सम्मानित किया है।

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ सात दिवसीय शिविर संपन्न

**वेलकम इंडिया**



**गरुड़**। राजकीय बालिका इंटर कालेज पाये का राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों व पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गया है। शिविर का समापन पूर्व प्रधानाचार्य व शिक्षाविद नंदन सिंह अल्मिया ने किया। इस मौके पर तनुजा जोशी को सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समापन करते हुए बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य नंदन सिंह अल्मिया ने कहा कि एनएसएस शिविर समाज सेवा करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने शिविरार्थियों से शिविर के अनुभवों को जीवन में उतारने को कहा। अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्या प्रेमा भट्ट ने शिविरार्थियों से सदैव समाज सेवा के लिए तत्पर रहने को कहा। संचालन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी कुसुमलता ने सात दिवसीय शिविर की आख्या प्रस्तुत की। शिविरार्थियों ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान शिक्षिका ममता जोशी, रजनी, दीपाली, रिया, हिमानी, मीनाक्षी, गरिमा, नीतू, सुमन आर्या आदि मौजूद थे।

# मेगा विधिक सेवा सहायता शिविर के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने की समीक्षा

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर**। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जनपद में 22 फरवरी को आयोजित होने वाले वृहद/मेगा एवं विधिक सेवा सहायता शिविर के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी ने समीक्षा बैठक किया। बैठक में उपस्थित न्यायिक अधिकारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनील कुमार सिंह ने अधिक से अधिक लोगों को सरकार द्वारा अनुमन्य योजना से लाभान्वित किये जाने पर बल दिया। विकास भवन में आयोजित बैठक में विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजना का लाभ प्रदान किया जाना चाहिए। इस दौरान जिला विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश त्रिपाठी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा प्रभात कुमार द्विवेदी, कृषि विभाग के राकेश कुमार सिंह समेत विभिन्न विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# देश की वास्तविक समृद्धि गांवों के विकास से ही संभव है

**अब्दुल्लाह खान**



**संतकबीरनगर**। देश की वास्तविक समृद्धि गांवों के विकास से ही संभव है । इसी सोच के साथ उन्होंने न केवल अपने व्यवसाय की स्थापना गांव में की, बल्कि फ्रेंचाइजी मॉडल के माध्यम से ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने की पहल भी की । उक्त बातें रिलेक्सो डोमस्वेयर कंपनी के निदेशक अब्दुल्लाह खान ने बरगदवा कला स्थित कंपनी ऑफिस में एक मुलाकात में कहीं। उन्होंने बताया कि एमबीए की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने यह तय किया कि उनका व्यवसाय केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेगा । इसके बजाय उन्होंने गांवों में रिलेक्सो डोमस्वेयर की फ्रेंचाइजी शुरू कर स्थानीय युवाओं और व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनाने का अवसर दिया ।इससे गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा हुए और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली । उन्होंने कहा कि यह पहल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ह्वग्राम स्वराजह्व के विचार से प्रेरित है, जिसमें गांवों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर ही देश को मजबूत बनाने की कल्पना की गई है । फ्रेंचाइजी के माध्यम से आज गांवों के युवा स्वयं व्यवसायी बन रहे हैं और दूसरे लोगों को भी रोजगार दे रहे हैं । आज रिलेक्सो डोमस्वेयर कंपनी अपने गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के साथ-साथ ग्रामीण फ्रेंचाइजी नेटवर्क के जरिए देश के विभिन्न हिस्सों में अपनी पहचान बना रही है ।

# रफ एकेडमी में वार्षिकउत्सव व गुड लक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**



संतकबीरनगर। जिले के नाथनगर स्थित रफ इंटरनेशनल एकेडमी में आज वार्षिक उत्सव फेयरवेल पार्टी और गुडलक कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे व एमडी डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी सहित विभिन्न अतिथियों से खूब वाहवाही बटोरी आपको बता दे कि नाथनगर स्थित रफ इंटरनेशनल एकेडमी में आज वार्षिक उत्सव फेयरवेल पार्टी और गुडलक कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक राकेश चतुर्वेदी , प्रोफेसर ओपी पांडे सूर्या एकेडमी एमडी डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी ,प्रबंधन निदेशिका सविता चतुर्वेदी और राजन एकेडमी प्रबंधन निर्देशिका शिखा चतुर्वेदी के साथ दीप प्रज्वलन के बाद हुआ। इसके बाद छात्रो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेशकर खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम में जहाँ 12वीं के छात्र छात्राओं को विदाई दी गई वही हाईस्कूल की परीक्षा में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामना दी गई। इस दौरान पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने कहा कि शिक्षा प्राप्ति कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं होता छात्र अनुशासन के साथ निश्चित लक्ष्य बनाकर समय का सदुपयोग करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्र उत्साहित होकर परीक्षा दे निश्चित रूप से उन्हें सफलता मिलेगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे जिले के सबसे चर्चित समाजसेवी व एमडी डॉक्टर उदय प्रताप चतुर्वेदी ने छात्र-छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि जिस तरह से इस एकेडमी के प्रबंध तंत्र ने छात्र-छात्राओं को निखारने का काम किया है वह बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से छात्र-छात्राएं आगे बढ़कर अपने भविष्य का निर्माण करते हैं और देश की तरक्की में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं।

# मुरादाबाद पुलिस द्वारा उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए सम्मानित



**वेलकम इंडिया**

**मुरादाबाद**।। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए महिला हेड कॉस्टेबल अमीरन बानो एवं महिला कॉस्टेबल पुष्पा चाहर को सम्मानित किया गया। अमीरन बानो ने दिनांक 28/01/2026 से 01/02/2026 तक तिरुवनंतपुरम (केरल) स्थित चंद्रशेखरन नायर स्टेडियम / यूनिवर्सिटी स्टेडियम में आयोजित 46वीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 (पुरुष/महिला) में प्रतिभाग करते हुए 05 किमी रनिंग एवं 05 किमी वॉक रेस में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। इसी क्रम में दिनांक 08/02/2026 को गाजियाबाद के साहिबाबाद में आयोजित ह्वडगर इंडियन क्लासिक 2026ह्व बॉडी बिल्डिंग, पावरलिफ्टिंग (डेड लिफ्ट एवं बेंच प्रेस) प्रतियोगिता में म0कां० पुष्पा चाहर ने प्रतिभाग करते हुए डेड लिफ्ट/बेंच प्रेस स्पर्धा में 02 गोल्ड मेडल/02 शील्ड जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उक्त दोनों कार्मिकों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित

# 6 फरवरी से आज तक 41 टी0बी0 एवम्‍ कैंसर के सयुक्त स्क्रीनिंग शिविर लगाए गए सभी चिकित्सा संस्थाओं व मेडिकल कॉलेजों में लग रहे शिविर

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**




**हापुड़** जनपद में प्रदेश शासनादेश के अनुपालन में जिलाधिकारी श्री अभिषेक पांडेय जी के कुशल निर्देशन में एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील कुमार त्यागी जी के नेतृत्व में जनपद में दिनांक 6 फरवरी से 28 फरवरी तक कुल सौ स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जाना है जिसके अंतर्गत प्रथम शिविर दिनांक 06 फरवरी को जिला संयुक्त चिकित्सालय दस्तोई रोड परिसर में जिला संयुक्त चिकित्सालय की अधीक्षक डॉ0 हेमलता सिंह के दिशा निर्देशन मे लगाया गया था इसी क्रम में जनपद की सभी चिकित्सा इकाइयों एवम्‍ मेडिकल कॉलेजों में टी0बी0 एवम्‍ कैंसर के सयुक्त स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जनपद में आज तक 41 टी0बी0 एवम्‍ कैंसर के सयुक्त स्क्रीनिंग शिविर लगाए जा चुके हैं जिसमें अभी तक टी0बी0 के लिए 1474 एवम्‍ कैंसर के लिए 1454 लोगो की स्क्रीनिंग की जा चुकी हैं अभी तक 138 लोगों में टी0बी0 रोग के लक्षण पाये गये जिनकी नाट मशीन द्वारा जाँच के उपरांत 05 लोगों में टी0बी0 रोग की पुष्टि हुई साथ ही 1454 लोगों की स्क्रीनिंग करने के उपरांत मुँह के कैंसर के 52 संभावित रोगियों को व 05 छाती के एवम्‍ सर्वाइकल कैंसर के 17 संभावित रोगियों को जाँच के लिए रेफर किया गया आज जी0एस0मेडिकल कॉलेज में प्रथम शिविर का आयोजन किया गया।

# छात्राओं को दी किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों की जानकारी

**पत्रकार सच का साथी मेहता**




**गरुड़**। राजकीय इंटर कालेज सिरकोट में दो दिवसीय किशोरावस्था जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्राओं को किशोरावस्था से जुड़ी शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं भावनात्मक चुनौतियों के प्रति जागरूक रहने तथा उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और आत्मविश्वासी जीवन के लिए तैयार रहने के टिप्स दिए गए। मुख्य अतिथि जिला होम्योपैथिक अधिकारी डा. रश्मि सम्मल ने छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों, जीवन कौशल विकास की आवश्यकता, किशोर स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों, लिंग संवेदनशीलता, तथा यौन शिक्षा एवं जनन स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विषयों पर सरल एवं प्रभावी ढंग से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया और उनमें आत्मविश्वास का संचार किया। प्रधानाचार्य पूरन सिंह बिष्ट ने निर्णय क्षमता के विकास, स्वस्थ जीवन शैली अपनाने तथा हिंसा के विरुद्ध आवश्यक सुरक्षा उपायों पर जानकारी प्रदान की। नोडल शिक्षक कैलाश चंद्र जोशी ने सोशल मीडिया एवं इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, मादक द्रव्यों के सेवन से बचाव तथा परीक्षाओं के मानसिक दबाव और पियर प्रेशर से निपटने के उपायों पर उपयोगी सुझाव दिए। प्रीति तिवारी ने छात्राओं को पोक्सो अधिनियम से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान कर उन्हें उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति सजग किया। इस मौके पर रोल प्ले, क्विज, स्मॉल ग्रुप एक्टिविटी, निबंध लेखन, ड्राइंग एवं वाद-विवाद आदि गतिविधियां भी की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान सीएचओ अंकिता, फार्मासिस्ट सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# सिक शिक्षा विभाग अंतर्गत जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़** जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग अंतर्गत जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ एल एन पब्लिक स्कूल के मैदान में हुआ जहां जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय बेसिक शिक्षा अधिकारी रितु तोमर एल एन पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य आराधना बाजपेई व अन्य उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया।मार्च पास्ट के पश्चात जिलाधिकारी के द्वारा मैदान पर 100 मी बालिका रेस को हरी झंडी दिखाकर खेलों का शुभारंभ कराया गया। अपने अपने ब्लॉक में विजेता छात्र-छात्राओं द्वारा जनपद की खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभा किया गया जहां से प्रथम स्थान पर विजित बच्चों द्वारा मंडल स्तर पर प्रतिभाग किया जाएगा।जिला पीटीआई मनप्रीत खैरा व ब्लॉक के व्यायाम शिक्षकों खेल अनुदेशकों द्वारा मैदान पर रहकर एथलीट व अन्य ग्रुप इवेंट्स को संपन्न कराया गया ।मैदान पर बच्चों ने अपना पूरा दमखम दिखाया जहां सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों और उनके अध्यापकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला वही असफल रहने वाले बच्चों में थोड़ी मायूसी थी जिनका उत्साह आवेदन करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के आयोजन के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से अलग-अलग समितियां बनाकर योजना बद्ध तरीके से दौड़ लंबी कूद कबड्डी जिमनास्टिक योग डिस्कस थ्रो व अन्य इवेंट्स कराए गए। जनपद के खेलों में पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर क्रमशः सिंभावली हापुड़ व गढ़मुक्तेश्वर ब्लॉक रहे। इस अवसर पर जिले के खंड शिक्षा अधिकारी जिला समन्वयक एसआरजी जिला व ब्लॉक व्यायाम शिक्षक ए आर पी द्वारा उपस्थित रहकर बच्चों को सर्टिफिकेट व मेडल प्रदान किए गए ।मंच संचालन संजय शर्मा वह अंजू आजाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अखिलेश आस मोहम्मद मीनाक्षी अलका नीलाक्षी भावना रश्मि दिव्या संजीव पंकज उपेंद्र आशा सरिता सुबोध मोइन आलम शैलेंद्र द्वारा उपस्थित रहकर खेलों के आयोजन के लिए अलग-अलग दायित्वों का निर्वहन किया गया।



# आठ खंभों का तार काट ले गए चोर

**कछवारोड़** । मिजार्मुराद क्षेत्र के अदमापुर (अमिनी) गांव में गुरुवार की देर रात आठ खंभों का तार अज्ञात चोर काट ले गए ।शुक्रवार की सुबह बस्ती के लोग टहलने निकले तो चोरी की जानकारी हुई ।गांव के राकेश पटेल द्वारा चोरी की जानकारी करधना बिजली पावर हाउस पर जेई कृष्णा कुमार मौर्या को दिया ।सूचना पर जेई समेत बिजली विभाग के लोग मौके पर पहुंच देखे ।जेई ने बताया कि आठ खंभों का तार चोर काट ले गए है जिसके कारण बस्ती के कुछ हिस्सों में बिजली सप्लाई बंद था।

# आगरा थाना कमलानगर पुलिस एवं एन्टी रोमियो टीम द्वारा बालिका विद्यालय में स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा

वेलकम इंडिया



**आगरा** में थाना कमलानगर द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत गणेश नगर बालिका विद्यालय में बालिकाओं की स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं महिलाओं में स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक पुलिस आयुक्त छत्ता श्री शेष मणि उपाध्याय एवं सहायक पुलिस आयुक्त शमशाबाद सुश्री अमीषा उपस्थित रहीं। इस अवसर पर थाना कमला नगर में पहली बार 02 सैनिटरी पैड डिस्पोजल मशीन का उद्घाटन किया गया, जिससे बालिकाओं एवं महिलाओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो सके। साथ ही महिलाओं एवं छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु इ१ीं२३ उंल्लूी१ अ६ं१ील्ली२२ें भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना कमला नगर की एंटी रोमियो टीम द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों एवं सुरक्षा उपायों के प्रति भी जागरूक किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिमा भार्गव (अध्यक्ष, कल्याणम फाउंडेशन), पवन सैनी (थाना प्रभारी, कमला नगर) एवं मनीषा वत्स (एंटी रोमियो प्रभारी) सहित अन्य गणमान्य अतिथि, विद्यालय स्टाफ एवं स्थानीय महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रमों को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर जारी रखने पर बल दिया।

## बढ़ापुर के शिवभक्त शिवरात्रि पर काशीपुर में करेंगे जलाभिषेक



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**बिजनोर धामपुरे** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बढ़ापुर क्षेत्र से बड़ी संख्या में शिवभक्त काशीपुर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखा जा रहा है। कांवड़िए हर-हर महादेव के जयघोष के साथ गंगाजल लेकर निर्धारित मार्ग से काशीपुर के प्राचीन शिव मंदिरों में जल अर्पित करेंगे। श्रद्धालुओं ने बताया कि इस बार यात्रा को लेकर प्रशासन और पुलिस की ओर से बेहतर प्रबंध किए गए हैं। रास्तों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं तथा संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। भक्तों का कहना है कि पुलिस व्यवस्था बिल्कुल ठीक है, जिससे यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने की उम्मीद है। यात्रा से पूर्व कस्बा बढ़ापुर में श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया और सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर यात्रा का शुभारंभ किया गया। डीजे और भक्ति गीतों के बीच शिवभक्तों का उत्साह देखते हीबन रहा था। प्रशासन की ओर से भी अपील की गई है कि सभी श्रद्धालु यातायात नियमों का पालन करें और शांति व्यवस्था बनाए रखें। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महाशिवरात्रि के मद्देनजर विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। बढ़ापुर क्षेत्र से हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु काशीपुर जाकर जलाभिषेक करते हैं, जो क्षेत्र की धार्मिक आस्था और परंपरा का प्रतीक है। इस बार भी श्रद्धालु पूर्ण श्रद्धा और उत्साह के साथ भोलेनाथ के दरबार में पहुंचकर मंगलकामनाएं करेंगे। हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ शिवभक्तों की यह यात्रा क्षेत्र में आस्था और भाईचारे का संदेश दे रही है।

## आगरा में यातायात नियमों का उल्लंघन: सरकार ने बनाए नियम सख्त



आगरा से संवाददाता मयूर खान

**आगरा** में यातायात नियमों के पालन के लिए सख्ती बरती जा रही है। सीसीटीवी कैमरे से चालान किए जा रहे हैं और जगह-जगह चेकिंग भी की जा रही है। लेकिन कई लोग ऐसे हैं जो नियमों का पालन नहीं करते। केंद्र सरकार ने केंद्रीय मोटर वाहन यान नियमावली 1989 में संशोधन किया है। अब चालान के भुगतान की सीमा तय की गई है। 45 दिन में जमा करना होगा चालान। एक वर्ष में 5 या अधिक बार नियमों का उल्लंघन करने पर डीएल निरस्त हो सकता है।

## तीन जनपदों की संयुक्त महापंचायत 21 फरवरी को सैदपुर भट्टा में

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन की मुरादाबाद, अमरोहा तथा बिजनौर इकाइयों की संयुक्त महापंचायत आगामी 21 फरवरी को नूरपुरझछजलैट रोड स्थित ग्राम सैदपुर भट्टा में आयोजित की जाएगी। महापंचायत को सफल बनाने के लिए तैयारियों की समीक्षा हेतु बिजनौर स्थित सम्राट बैंक्वेट हॉल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चौधरी सुनील प्रधान ने की, जबकि संचालन मुकेश कुमार (जंघाला) ने किया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी सत्यवीर सिंह एवं प्रदेश महासचिव चौधरी कुलदीप सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। वक्ताओं ने कहा कि महापंचायत को ऐतिहासिक बनाने के लिए तीनों जनपदों से व्यापक स्तर पर किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान संगठन को और मजबूत करते हुए बिजनौर के वरिष्ठ पदाधिकारी गौरव कुमार जंघाला एवं नीटू चौधरी ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ भारतीय किसान यूनियन में शामिल होकर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत तथा किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत के नेतृत्व में कार्य करने की घोषणा की। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने सभी नव-शामिल सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन की मजबूती में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। भारतीय किसान यूनियन में शामिल होने वालों में गौरव कुमार जंघाला, नीटू चौधरी, वीरेन्द्र सिंह, सतेंद्र सिंह, रोबिन सिंह, गुलाब, राहुल कुमार, अरविंद कुमार, विनीत तोमर, दुर्गेश कुमार, राकेश, उज्ज्वल, संजीव, दीपक, सतेंद्र आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।बैठक के सफल आयोजन में नरेन्द्र सिंह, जितेंद्र सिंह, भोपाल सिंह एवं अरुण कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों और कार्यकताओं का विशेष योगदान रहाअंत में वक्ताओं ने कहा कि 21 फरवरी की महापंचायत किसानों की एकता और संगठन की ताकत का परिचायक बनेगी तथा क्षेत्रीय स्तर पर किसानों के मुद्दों को सशक्त आवाज प्रदान करेगी।

## शालीमार बाग थाना टीम द्वारा मकान चोरी का मामला सुलझाया गया, सोने व चांदी के आभूषण बरामद

एहसान अंसारी

**नई दिल्ली:** उतर पश्चिम जिला के थाना शालीमार बाग के स्टाफ ने एक मकान चोरी के मामले को सफलतापूर्वक सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राकेश पुत्र श्री हरिराम, निवासी व&श ब्लॉक, शालीमार बाग, दिल्ली, आयु 23 वर्ष के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे/निशानदेही पर शिकायतकर्ता के कुल 9 सोने व चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। घटना का संक्षिप्त विवरण: दिनांक 02.02.2026 को प्रातः लगभग 04:00 बजे श्री अंकित सक्सेना पुत्र श्री भारत भूषण, निवासी मकान संख्या इऋ-1 शालीमार बाग, दिल्ली के घर में चोरी की घटना की सूचना प्राप्त हुई। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मकान का मुख्य द्वार खोलकर अंदर रखे सामान की चोरी कर मौके से फरार हो गया। इस संबंध में थाना शालीमार बाग में ऋकफ संख्या 80012308/26, धारा 305(2) इठर के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। टीम एवं जांच: मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें रक जोगेंद्र, ऌउ कुलदीप, कांस्टेबल सुभाष एवं कांस्टेबल ओम प्रकाश शामिल थे। टीम ने थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामपाल (रऌड/ढर शालीमार बाग) तथा श्री राजबीर लांबा (अउढ/शालीमार बाग) के मार्गदर्शन में कार्य किया। जांच के दौरान टीम ने आसपास के कई उउळश फुटेज की गहन जांच की तथा तकनीकी एवं स्थानीय सूचना संकलित की। लगातार प्रयासों के उपरांत आरोपी राकेश को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया।

## ससुराल में दामाद ने की सास की हत्या, पत्नी को मनाने पहुंचा था पति

वेलकम इंडिया

**मुरादाबाद** में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां एक दामाद ने अपनी सास को गोली मार दी। यह घटना मझौला थाना इलाके की जयंतीपुर स्थित मंसूरी कॉलोनी में हुई। 45 वर्षीय रुखसाना अपनी बेटी साहिबा के साथ रहती थीं। साहिबा का अपने पति गुलनवाज हनीफ से पिछले करीब दो माह से विवाद चल रहा था, जिस कारण वह मायके में रह रही थी। गुरुवार देर रात गुलनवाज पत्नी को वापस ले जाने ससुराल पहुंचा। इस दौरान दोनों के बीच कहासुनी हुई और मामला बढ़कर हाथापाई तक पहुंच गया। विवाद के दौरान गुलनवाज ने पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आई सास रुखसाना पर उसने तमंचे से गोली चला दी। गोली लगते ही रुखसाना खून से लथपथ होकर गिर पड़ीं, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गया। फायरिंग की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर जुटे और पुलिस को सूचना दी गई। मझौला पुलिस ने घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की बेटी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसपी सिटी कुमार रणविजय का कहना है कि घटना में लिप्त एक आरोपी मुस्तफा को गिरफ्तार कर लिया गया है, बाकी मुख्य आरोपी की तलाश की जा रही है और उसे भी जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने की उम्मीद है। इसके साथ ही एक आरोपी मुस्तफा को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## अज्ञात कार की टक्कर से युवक की मौत

वेलकम इंडियन महमूद रजा

**जनपद बिजनौर** स्योहारा-मुरादाबाद रोड पर हुआ दर्दनाक हादसा स्योहारा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में युवक की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि लगभग 23:00 बजे डायल-112 के माध्यम से स्योहारा थाना को सूचना मिली कि स्योहारा-मुरादाबाद रोड स्थित ग्राम सुल्तानपुर के पास एक अज्ञात कार चालक ने दो स्कूटी सवार युवकों को टक्कर मार दी है, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया। जांच में पता चला कि अमन (उम्र लगभग 25 वर्ष) पुत्र गफ्फार, निवासी मोहल्ला पटवारियान, कस्बा व थाना स्योहारा, अपने साथी उवैश (उम्र लगभग 18 वर्ष) पुत्र रिहान के साथ स्कूटी से सहसपुर से स्योहारा की ओर आ रहा था। इसी दौरान स्योहारा की दिशा से तेज गति से आ रही एक अज्ञात कार ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में अमन गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उवैश को हल्की चोटें आईं। दोनों को तत्काल एम्बुलेंस द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद अमन को मृत घोषित कर दिया। उवैश की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है और उसका उपचार जारी है घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेजा जा रहा है। अज्ञात वाहन चालक की तलाश के लिए पुलिस द्वारा टीमें गठित कर दी गई हैं और आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। तहरीर प्राप्त होने पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



मौके पर शांति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है। पुलिस द्वारा अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## 24 किलो अवैध गांजा के साथ 02 अंतरराज्जीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

आगरा से संवाददाता मयूर खान



**आगरा** में पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और थाना ट्रांस यमुना पुलिस टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी में संलिप्त 02 अंतरराज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 24 किलो अवैध मादक पदार्थ (गांजा), 01 ट्राली बैग व 02 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। गिरफ्तार गांजा तस्करों की पहचान मनोज कुमार पुत्र रामपाल सिंह निवासी ग्राम मोहकमपुर, घुनाई, थाना लोधा जनपद अलीगढ़ और जाकिर पुत्र शफी मोहम्मद निवासी कस्बा जलालपुर, थाना रोरावर, जनपद अलीगढ़ के रूप में हुई है। अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा एनडीपीएस एक्ट थाना ट्रांस यमुना कमि0 आगरा में मामला दर्ज किया गया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 12,25,000 रुपये है।

पुलिस टीम ने पूछताछ में पाया कि गांजा तस्कट उड़ीसा से गांजा लाकर आगरा, अलीगढ़ व मथुरा में बेचने का काम करते थे। वे उड़ीसा से छोटे-छोटे बैगों में गांजा ट्रेन व बस के माध्यम से लाते थे और फिर फुटकर में सप्लाई कर देते थे। गिरफ्तार करने वाली टीम में ए. एन. टी.एफ प्रभारी हरवेंद्र मिश्रा, ट्रान्स यमुना थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार, टेडी बगिया चौकी इंचार्ज प्रवीन कुमार, उपनिरीक्षक संदीप कुमार, उपनिरीक्षक गौरव शर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## एक व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी का मामला

वेलकम इंडिया

**मुरादाबाद** के दलतपपुर निवासी प्रेम कुमार ने एक व्यक्ति लक्ष्मण के खिलाफ गम्भीर आरोप लगाते हुए एसएसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। प्रेम कुमार का आरोप है कि लक्ष्मण ने खुद को बीएमएस डॉक्टर बताकर उसके हेल्थ केयर सेंटर का सील खुलवाने के नाम पर 7 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी की है। प्रेम कुमार का आरोप है कि आरोपी ने उसे विश्वास में लेकर पैसे लिए और कहा कि वह हेल्थ केयर सेंटर की सील खुलवा देगा और सरकारी फीस जमा कर देगा। प्रेम कुमार का कहना है कि जब प्रेम कुमार को पता चला कि वह फर्जी डॉक्टर है और उसकी बीएमएस डिग्री भी फर्जी है, तो उसने पैसे वापस मांगने की कोशिश की है।प्रेम कुमार का आरोप है कि आरोपी व्यक्ति ने प्रेम कुमार को पैसे देने से इनकार कर दिया धमकी दी और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करके उसका अपमान किया।

## मकान में घुसे चोरों ने नगदी समेत जेवरात उड़ाएं

संदीप तिवारी



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के भिखारीपुर गांव (मिजार्मुराद) में गुरुवार की देर रात मकान के पिछले रास्ते से घर में घुसकर चोरों ने नगदी समेत जेवरात चुरा ले गए। जानकारी के अनुसार भिखारीपुर गांव (मिजार्मुराद) निवासी हीरालाल यादव परिवार के साथ शादी में शामिल होने गए थे।उसी समय मौका पाकर चोर मकान के पीछे वाले रास्ते से घर में घुसने के बाद कमरे जाकर रखा बक्सा व अटैची समेत अन्य सामान उठा ले गए और घर से थोड़ी दूर पर खेत में बक्सा व अटैची फेका हुआ मिला।चोर बक्सा व अटैची में रखा 25 हजार रुपया नगदी व सोने का अंगूठी व झुमका उठा ले गए।शुक्रवार की सुबह परिवार के लोग जब घर पहुंचे तो सारा सामान बिखरा देख आवक रह गए।घटना की सूचना परिवार वालों ने मिजार्मुराद पुलिस को दिया।सूचना पर मौके पर खजुरी चौकी प्रभारी गणेश पटेल पहुंच जांच-पड़ताल करने के बाद चोरों के तलाश में जुट गए।चोरी हुई सामान की कीमत लगभग एक लाख रुपया बताया गया।

## श्री जय शिव निष्काम सेवा मंडल द्वारा 39वाँ विशाल शिव कांवड़िया भंडारा।



वेलकम इंडिया

**खुर्जा।** श्री जय शिव निष्काम सेवा मंडल, खुर्जा द्वारा ब्रजघाट स्थित श्री लक्ष्मण दास नथोली मल (दिल्ली वालों की) धर्मशाला में 39वाँ विशाल शिव कांवड़िया भंडारा भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। मंडल के सचिव पूरन चंद्र शर्मा सर्राफ ने बताया कि यह भंडारा 12 से 15 फरवरी 2026 तक दिन-रात निरंतर संचालित रहेगा, जिसमें हजारों कांवड़िए प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। भंडारा पर्यवेक्षक एवं चिकित्सक डॉ. कौशल गुप्ता के अनुसार कांवड़ियों के लिए चिकित्सा व्यवस्था भी की गई है। एडवोकेट ममता अग्रवाल ने दवाइयों का वितरण कर सेवा प्रदान की। मंडल के सदस्यों व स्थानीय श्रद्धालुओं ने सेवा कार्य में सक्रिय सहयोग दिया।

# ट्रांसफार्मर व ट्यूबवेल तार चोरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

संवादाता मोहसिन रहमानी



**कांधला।** पुलिस ने जनपद में ट्रांसफार्मर व ट्यूबवैल की विद्युत लाइन चोरी की घटनाओं का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान तीन शातिर चोरों व चोरी का सामान खरीदने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से अवैध हथियार, चोरी की मोटरसाइकिल, जला हुआ तांबे का तार, ट्रांसफार्मर तार, बैटरी तथा चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं। विगत दिनों जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों गढ़ीपुख्ता, कोतवाली शामली, झिंझाना, थानाभवन, कैराना व कांधला में लगातार ट्रांसफार्मर व ट्यूबवैल की विद्युत लाइन चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं। घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के द्वारा विशेष टीमें गठित की गई थीं। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के निर्देश पर कांधला पुलिस ने अभियान चलाकर गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्तों ने अपने नाम शौकत व फुरकान, निवासी कैराना और शिवम व राशिद निवासी कोतवाली नगर शामली बताए है।पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वह दिन में जंगलों में घूमकर ट्यूबवैल व ट्रांसफार्मरों की रेकी करते थे और रात में बिना मोबाइल फोन लिए वारदात को अंजाम देते थे। केबल कटर से तार काटकर तांबे को निकाल लेते थे, जिसे ग्राम गंगेरू के पास खंडहर में जमा किया जाता था। बाद में कबाड़ी राशिद इसे गलाकर चूड़ियां बनाकर बेचता था और सभी आरोपी आपस में रकम बांट लेते थे।अभियुक्तों ने जनपद के कई गांवों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात भी स्वीकार की है। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने कांधला थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार व उनकी पुलिस टीम की प्रशंसा की। पुलिस ने पकड़े गए चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है।

# बिजली बिल वसूली के दौरान टीम पर हमला, मारपीट व धमकी का आरोप



संवादाता मोहसिन रहमानी

**कांधला** विकासखंड क्षेत्र के गांव डून्डूखेड़ा में बिजली बिलू राहत योजना के तहत बकाया वसूली करने पहुंची विद्युत विभाग की टीम पर हमला करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। इस संबंध में विद्युत विभाग की ओर से थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। विकासखंड क्षेत्र के गांव डून्डूखेड़ा बिजली घर पर तैनात अवर अभियंता सत्य प्रकाश शुक्रवार को अपनी टीम के सदस्य सोनू, आशीष, आनंद, मामन और शुभम सैनी के साथ उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गांव में बिजली बिल चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान शिव मंदिर के पास पंडित मोहल्ले में मुकेश पुत्र ओमदत्त पर 10,243 रुपये का बकाया पाए जाने पर टीम कनेक्शन काटने पहुंची।आरोप है कि कनेक्शन काटने की कार्रवाई के दौरान सोमपाल, राहुल, सुभाष सहित अन्य लोगों ने टीम के साथ गाली-गलौज की और धारदार हथियारों से हमला करने का प्रयास किया। साथ ही आरोपियों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।घटना के बाद अवर अभियंता सत्य प्रकाश ने थाने पहुंचकर सभी आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले मे जांच शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हो गई है और जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।बिजली बिल वसूली के दौरान टीम पर हमला, मारपीट व धमकी का आरोप

# मकान बंटवारे को लेकर देवर-भाभी में विवाद

। संवादाता मोहसिन रहमानी

**कांधला** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में मकान बंटवारे को लेकर देवर और भाभी के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों के बीच मारपीट हुई, जिससे आहत होकर महिला ने अपने कमरे में ताला लगाकर खुद को आग के हवाले करने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर महिला को सुरक्षित बाहर निकाला और आरोपी देवर को हिरासत में लेकर चालान कर दिया।हरियाणा निवासी महिला ममता ने करीब तीन वर्ष पूर्व गांव सुन्ना निवासी योगेंद्र से प्रेम विवाह किया था। कुछ दिन पूर्व बीमारी के चलते योगेंद्र की मौत हो गई थी। इसके बाद से ममता अपने देवर मुकेश से मकान में अपने हिस्से की मांग कर रही थी।गुरुवार देर रात इसी बात को लेकर ममता और मुकेश के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। विवाद से परेशान होकर ममता ने अपने कमरे में बंद होकर आत्मदाह का प्रयास किया। परिजनों और ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर महिला को बाहर निकाला।पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी देवर मुकेश को हिरासत में ले लिया। शुक्रवार को उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया गया।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मकान बंटवारे को लेकर देवर-भाभी के बीच विवाद हुआ था। महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर चालान किया गया है।

# तालीम कारवां: शिक्षा, अनुशासन और उज्ज्वल भविष्य का संदेश लेकर जुटे शिक्षाविद

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** (जाकिर तुर्क) कस्बा शाहजहांपुर में शाहीन ग्रुप्स ऑफ इंस्टीट्यूशंस की ओर से तालीम कारवां शीर्षक से एक प्रभावशाली शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षा, संस्कार और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पवित्र कुरआन की तिलावत और नात-ए-पाक से हुआ। स्कूल के संस्थापक इंजीनियर अदनान इकबाल, जफरुल्लाह खान, वाजिद खान और जाकिर खान ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में फाउंडर एवं चेयरमैन डॉ. अब्दुल कदीर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. मुनीर देशमुख (वर्टिकल स्कूलिंग प्रोग्राम हेड), शाहीन एकेडमी मेरठ के चेयरमैन आबिद अली, शाहीन ग्रुप्स के एडमिन मौलाना मरगूब उर रहमान कासमी, शाहीन एकेडमी मुजफ्फरनगर के चेयरमैन मौलाना अकरम नदवी तथा मेहर-ए-आलम खान शामिल रहे। अध्यक्षता रियाज उल उलूम मदरसे के मोहतमिम मौलाना मोईन अख्तर कासमी ने की तथा संचालन देवबंद यूनानी मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. अफजाल अहमद ने किया इंजीनियर अदनान इकबाल ने स्वागत भाषण में कहा कि प्रारंभिक स्तर से मजबूत शैक्षिक आधार ही बच्चों की सफलता की कुंजी है।

# मौसम साफ होते ही आलू की खुदाई में आई तेजी, मजदूरों की भारी किल्लत से किसान परेशान

वेलकम इंडिया



**जहांगीराबाद।** क्षेत्र में मौसम खुलते ही आलू की खुदाई के काम ने जोर पकड़ लिया है। धूप निकलने के साथ ही किसान अपनी फसलों को समेटने की जद्दोजहद में जुट गए हैं, लेकिन खेतों में पर्याप्त मजदूर न मिलने के कारण काम की रफ्तार थम सी गई है। मजदूरों की कमी और बढ़ती दिहाड़ी ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। ?बीते दिनों हुई बेमौसम हलचल के बाद जैसे ही मौसम साफ हुआ, लगभग सभी किसानों ने एक साथ खुदाई शुरू कर दी है। अचानक बढ़े काम के दबाव के कारण स्थानीय मजदूरों की मांग कई गुना बढ़ गई है। स्थानीय किसान विक्की गोयल, सुरेन्द्र कुमार व अशोक फौजी ने बताया कि स्थिति यह है कि किसान सुबह-सवेरे ही मजदूरों की तलाश में गांव-गांव भटक रहे हैं, फिर भी जरूरत के मुताबिक मजदूर नहीं मिल पा रहे हैं। ?मजदूरों की मांग बढ़ते ही 15 से 20 प्रतिशत मजदूरी की दरों में भी उछाल आया है। किसानों का कहना है कि पिछले साल के मुकाबले इस बार खुदाई की दरों में बढ़ोतरी हुई है। मजदूरों को लाने-ले जाने और उनके खान-पान पर भी किसानों को अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है। खाद, बीज और डीजल की मार झेल रहे किसानों के लिए अब महंगी मजदूरी 'कोढ़ में खाज' का काम कर रही है। धूप निकलते ही खुदाई जरूरी है वरना फसल खराब होने का डर रहता है। लेकिन मजदूर मिल नहीं रहे और जो मिल रहे हैं वे मुंह मांगी कीमत मांग रहे हैं। ऐसे में खेती की लागत निकालना मुश्किल हो रहा है।

# एसडीएम सदर व क्षेत्राधिकारी नगर ने नागेश्वर मंदिर पहुंचकर कांवड़ यात्रा व्यवस्थाओं का लिया जायजा।



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** एसडीएम सदर दिनेश चंद्र एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रखर पांडे ने प्राचीन नागेश्वर मंदिर परिसर का निरीक्षण कर कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने एवं श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित ढंग से जलाभिषेक कराने के लिए मंदिर समिति के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने, सीसीटीवी कैमरों को सुचारू रूप से संचालित रखने तथा बैरिकेडिंग कर कांवड़ियों के लिए सुगम मार्ग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शुद्ध पेयजल, चिकित्सा सुविधा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने मंदिर के महंत आचार्य कुलदीप शास्त्री से चर्चा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और सुझाव लिए। इस दौरान थाना प्रभारी रामनरायण सिंह को सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अम्बेकेश्वर महादेव मंदिर में जिलाधिकारी एसएसपी ने जलाभिषेक कर किया आशीर्वाद प्राप्त।

वेलकम इंडिया





**बुलंदशहर** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर आहार में अम्बकेश्वर महादेव मंदिर पर कांवड़ियों/श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक करने हेतु की गई व्यवस्थाओं का जिलाधिकारी श्रुति एवं एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने निरीक्षण करते हुए जायजा लिया। कांवडियों को सुव्यवस्थित जलाभिषेक कराने हेतु आने जाने के लिए पृथक मार्ग बनाने के लिए बैरिकेटिंग कराई गई है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरे, पुलिस बल की तैनाती की गई है। निर्देशित किया गया कि सभी श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक किया जा सके इसके लिए सुव्यवस्थित रूप से जलाभिषेक कराए। किसी कांवड़ियों को कोई परेशानी न हो इसका ध्यान रखे। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, साफ-सफाई, मोबाइल शौचालय आदि की व्यवस्था कराई जाए।

इस मौके पर जिलाधिकारी एसएसपी ने जलाभिषेक करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अनूपशहर प्रियंका गोयल सीओ विकास प्रताप सिंह चौहान उपस्थित रहे।

# ट्रांसफार्मर पर पेड़ गिरा, बिजली बाधित

**मिजार्मुराद** में शुक्रवार की दोपहर में 63 केबी का ट्रांसफार्मर पर महुआ के पेड़ गिर गया।जिसके कारण ट्रांसफार्मर भ्रष्ट हो गया।ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना ठठरा बिजली पावर हाउस पर दिया।सूचना पर जेई ठठरा सुबोध कुमार सिंह मौके पर पहुंच देखे तो जानकारी हुई कि गांव के ही एक परिवार द्वारा महुआ का पेड़ कटवाया जा रहा था वही पेड़ कटते समय ट्रांसफार्मर पर गिर गया था।जेई ठठरा ने बताया कि ट्रांसफार्मर भ्रष्ट होने के कारण एक बस्ती में सप्लाई बाधित हुआ है।जल्द दूसरा ट्रांसफार्मर लगवा दिया जाएगा।जेई देर शाम मिजार्मुराद थाने पहुंच महुआ का पेड़ कटवा रहे युवक के खिलाफ तहरीर दिया।मिजार्मुराद पुलिस तहरीर लेकर जांच में जुट गई।

# विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया





**शिकारपुर**/सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी भास्करानंद हरिद्वार व प्रखर हिंदू प्रवक्ता एडवोकेट नूपुर शर्मा व कथा वाचक सुमन कृष्ण शास्त्री वृंदावन व आनंद कुमार प्रचारक अतिथियों गरिमामय उपस्थिति रही अतिथियों ने देश की एकता व अखण्डता के लिए सभी सनातन धर्म प्रमियों को एकजुट होने का आवाहन किया आनंद कुमार (प्रचारक) ने कहा कि वास्तव में तो सन 2014 में आजाद हुआ है यह देश सदियों से वीरों और संतों की भूमि रही है भूमि रही है जिन्होंने देश के लिए घर परिवार त्याग कर देश की एकता अखंडता के लिए बलिदान दिये हैं तभी हम आज सांस ले रहे हैं। प्रखर हिन्दू प्रवक्ता एडवोकेट नुपुर शर्मा ने कहा है कि मुझे गर्व है कि मैं हिंदू हूं देश की हर बेटी को गर्व होना चाहिए और सशक्त होना चाहिए पिछले 4 वर्षों से में गुमनामी की जिंदगी जी रही हूं आप करोड़ों सनातन देशवासियों के प्यार आशीर्वाद से मैं आज जिंदा हूं यह कहते हुए वह भावुक हो गई महामंडलेश्वर ने कहा कि सेना व संत और संघ के हाथों में देश की सुरक्षा है इस अवसर पर प्रदेश मंत्री डॉ चन्द्रमोहन जिला महामंत्री संजय चौधरी विजेन्द्र दत्त शर्मा अनुराग गोयल विनय गंगल विकास गर्ग चेयरमैन राजबाला देवी राजेश शर्मा चन्द्रपाल मुकेश गर्ग प्रधान कपिल शर्मा सरगांव विकास कुमार हरकेश मीणा सहित सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थिति रहे।

# राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप का दसवां दिन: महिला खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के दसवें दिन महिला खिलाड़ियों ने शानदार आगाज करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में +77 किग्रा यूथ, 86 किग्रा महिला जूनियर एवं सीनियर, तथा +86 किग्रा महिला जूनियर एवं सीनियर वर्ग की खिलाड़ियों ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने अपनी दमदार तकनीक, आत्मविश्वास और मेहनत से मुकाबलों को रोमांचक बना दिया, जिससे दर्शक पूरे उत्साह के साथ उनका उत्साहवर्धन करते नजर आए। राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के दसवें दिन विभिन्न महिला वर्गों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। विभिन्न वर्गों के परिणाम इस प्रकार रहेः-यूथ महिला +77 किग्रा वर्ग1. यशस्विनी (हरियाणा) झ कुल 204 किग्रा, 2. कीर्तना आरपी (तमिलनाडु) झ कुल 189 किग्रा 3 वकील सहस्त्र (तेलंगाना) झ कुल 181 किग्रा, जूनियर महिला 86 किग्रा वर्ग 1. वैष्णवी (हरियाणा) झ कुल 204 किग्रा, 2. ओव्या के (तमिलनाडु) झ कुल 198 किग्रा, 3. अल्लू रेवती (आंध्र प्रदेश) झ कुल 189 किग्रा, ।इस प्रतियोगिता में मैबम मार्टिना देवी ने +86 किग्रा जूनियर एवं सीनियर वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्नैच में 109 किग्रा, क्लीन एंड जर्क में 140 किग्रा तथा कुल 249 किग्रा भार उठाकर नया रिकॉर्ड अपने नाम किया। उनका यह प्रदर्शन अपने आप में बेहद रोमांचक और प्रेरणादायक रहा। मैबम मार्टिना देवी वर्तमान में वेटलिफ्टिंग वॉरियर अकादमी की प्रशिक्षु खिलाड़ी हैं तथा वे विजय शर्मा (द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त) के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उनके कुशल प्रशिक्षण, अनुशासन और विश्वस्तरीय सुविधाओं के कारण ही आज वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। वेटलिफ्टिंग वारियर अकादमी एवं प्रशिक्षक द्वारा प्रदान किया जा रहा हर आवश्यक सहयोग खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार कर रहा है। मैबम मार्टिना देवी का यह रिकॉर्ड भविष्य के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का सफल संचालन विजय शर्मा (द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त) के मार्गदर्शन एवं देखरेख में किया जा रहा है। उनके अनुभव और नेतृत्व के कारण प्रतियोगिता का आयोजन उच्च स्तर की पारदर्शिता, अनुशासन और निष्पक्षता के साथ संपन्न हो रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महेश उपाध्याय (अधिशासी अभियंता, मोदी नगर), उत्तर प्रदेश भारोत्तोलन संघ की अध्यक्ष सबीना यादव तथा प्रसिद्ध उद्योगपति ललित गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का सफल संचालन विजय शर्मा (द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त) के मार्गदर्शन एवं देखरेख में किया जा रहा है।

# चल चल रे कांवरिया भोले बाबा के द्वार

वेलकम इंडिया



**शिकारपुर।** नगर के कावड़ मार्ग पर हर और कावड़ यह कावड़िया नजर आने लगे हैं। नगर की सड़कों पर बम बम भोले की गूंज सुनाई दे रही है। महा शिवरात्रि का पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे हर और बम बम भोले यह हर हर महादेव की गूंज से वातावरण शिवमय हो रहा है ।पैरों में पड़े छाले, शिव भक्तों की राह मुश्किल हो रही, लेकिन सच्ची आस्था और श्रद्धा हर बाधा दूर कर रही है। कंधे पर कावड़ उठाएं बोल बम का जाप करते हुए कावड़िया नगर से होकर गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। जिसकी सेवा करने के लिए मार्ग में शिविर लगाकर सेवादार इंतजार में खड़े हैं। दूध फल मिष्ठान से लेकर पकवान खिलाकर देवाधिदेव महादेव की भक्ति का पुण्य लाभ कमाने में लगे हैं। कावड़ यात्रा को लेकर शिव भक्तों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। सड़कों पर केसरिया सैलाब बोल बम हर हर महादेव का जय घोष करते हुए कावड़ियों का रेला उमड़ रहा है। नगर से लेकर देहात क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह से शिवमय हो गया है। पुलिस प्रशासन की देख रेख में शिव भक्तों कायहां होगा जलाभिषेकशिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव बरासऊ शिव मंदिर में शिव भक्त जलाभिषेक करेंगे। इसके अलावा नगर के झाड़ीपत शिव मंदिर, भटोला शिव मंदिर, अन्य सभी शिवालयों में शिव भक्त भोले को गंगाजल अर्पित करेंगे। भक्तों की सुरक्षा के लिए पुरुष और महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। बाप की खुशहाली तो कोई बच्चों के लिए ला रहा कावड़* शिव भक्त कावड़ पर भगवा झंडा के साथ तिरंगा लगाकर मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं। इनमें कोई अपने मां-बाप की खुशहाली तो कोई बच्चों की तरक्की की कामना के लिए कावड़ लेकर आ रहा है।

## महोत्सव में श्री खाटू श्याम विशाल संकीर्तन का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** श्री खाटू श्याम मित्र मंडल ट्रस्ट द्वारा आयोजित दो दिवसीय श्री खाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव श्री श्याम मंदिर सी लाइन में प्रत्येक वर्ष भांति इस वर्ष भी जिसमें 12 फरवरी शाम 7:15 खाटू श्याम विशाल संकीर्तन जिसमें बाबा को अपने भजनों से रिझाने नंदकिशोर शर्मा अहमदाबाद वाले, मनोज शर्मा ग्वालियर, निशा शर्मा, ईशा शर्मा, सिद्धांत राज, पूजा अरोरा ने अपने भजनों से बाबा को रिझाया। मंच संचालक सीताराम शर्मा ने संभाला पावन सानिध्य ज्ञानानंद स्वामी , अशोक लखेरा खाटू श्याम बाबा को कोलकाता और बेंगलुरु के फूलों से सजाया गया अखंड ज्योत पुष्प वर्षा 1100 किलो 56 भोग विशाल अटूट भंडारा का आयोजन किया गया। कीर्तन में लोकसभा सांसद डॉ राजकुमार सांगवान, पूर्व चेयरमेन पङ्क राम आसरे शर्मा, भाजपा नेता डॉ पवन सिंघल , मोन धामा एवं मंडल के सभी पदाधिकारी रमेश गोयल, डॉ पंकज गोयल, कपिल गुप्ता, राकेश अग्रवाल, प्रमोद गर्ग, शुभंकर गुप्ता,सतीश भडाना, अमित गोयल,संजय अग्रवाल, गिरीश बंसल, विजय सिंह, प्रवीण शर्मा, योगेश, विजय जिंदल, मनोज सिंघल, मनोज अग्रवाल, सर्वेश मित्तल, राजीव जिंदल, अजय बंसल,देवेंद्र सोनी, दीपक गोयल, अरुण खन्ना, राजीव रोहिल्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस की आहार से पदयात्रा में चौपाल को संबोधित कर कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ ने मनरेगा बचाने 17 फरवरी को लखनऊ विधानसभा घेराव में सम्मिलित होने का किया

वेलकम इंडिया




**बुलंदशहर** शुक्रवार को शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर जनपद बुलंदशहर में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ के नेतृत्व में आहार से आयोजित पदयात्रा को वरिष्ठ नेताओ के साथ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ ने पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर राकेश भाटी इंजीनियर रवि लोधी कोऑर्डिनेटर उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव आदि नेताओं वे मनरेगा मजदूरों के साथ शुरू कर15 किलोमीटर अनूपशहर तक पड़ने वाली चार ग्राम पंचायतों में चौपालों को संबोधित करते हुए डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर राकेश भाटी कोऑर्डिनेटर उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव शहर अध्यक्ष इंजीनियर रवि लोधी, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष आदेश मुद्गल ने यात्रा को शीर्ष नेतृत्व व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी के आह्वान पर मजदूर नौजवानों व किसान विरोधी संविधान को तहस-नहस करने तथा मनरेगा को खत्म करने पर तुली भाजपा सरकार के खिलाफ पदयात्रा को अहम बताते हुए आगामी 17 फरवरी को लखनऊ में होने वाली विधानसभा घेरा में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ के नेतृत्व में पहुंचकर चौपाल में उपस्थित सिरोरा व तोरी बच्ची खेड़ा ग्राम पंचायत की चौपाल में आए लोगों से नेता प्रतिपक्ष द्वारा लड़ी जा रही लड़ाई में साथ खड़े होकर भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया किया मुख्यालय अनूपशहर के बुलंदशहर बस स्टैंड महाराणा प्रताप पार्क पर कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद व प्रदर्शन के साथ संपन्न हुआ पद यात्रा में जिला उपाध्यक्ष अनिल शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण शर्मा पूर्व ब्लाक अध्यक्ष दानपुर सत्य प्रकाश शर्मा पूर्व जिला सचिव रवि लोधी पीसीसी सदस्य राहुल गोविल राजीव गांधी पंचायत राज के जिला अध्यक्ष अशोक चौधरी पंचायत राज के पूर्व जिला अध्यक्ष रहमत राणा मंडल अध्यक्ष आहार जुबेर चौधरी मोहन सरीन कौशल शर्मा राजेंद्र शर्मा मंडल अध्यक्ष तोरी बबलू मंडल अध्यक्ष मलकपुर इमरान ग्राम प्रधान राय सिंह ग्राम प्रधान इंतजार अली करणपाल शर्मा राजकुमार शर्मा मंडल अध्यक्ष नेपाल सिंह सावित्री देवी कलुआ जाटव रविंद्र जाटव क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक कुशवाहा शिबू कुरैशी सैकड़ो लोग सम्मिलित रहे।

## मोदी कॉलेज में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** नगर खेल कुंभ के उपलक्ष्य में अभाविप गाजियाबाद ज़िले की मोदीनगर इकाई द्वारा वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में किया गया। जिसमे मुख्य रूप से कॉलेज के प्रधानाचार्य सतीश चंद्र अग्रवाल ,प्रांत सह मंत्री आर्यन प्रजापति ,गाजियाबाद जिला संयोजिका शालू सिंह, नगर मंत्री रोहन सिंह, आशु सीकरी, कुणाल ठाकुर एव समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारोत्तोलन चैंपियनशिप प्रतिस्पर्धा के विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर में चल रही राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप प्रतिस्पर्धा के 10 वे दिन आई आई ए चैप्टर मोदीनगर के चेयरमैन राज ढींगरा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डा मुकेश गर्ग ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आई आई ए चैप्टर मोदीनगर के चेयरमैन राज ढींगरा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डा मुकेश गर्ग ने आयोजक द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा एवं शिवम गोयल का आभार व्यक्त किया।

## ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में12वीं कक्षा के विद्यार्थी का विदाई समारोह



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, अबूपुर मुरादनगर में आज 12वीं कक्षा का विदाई समारोह सम्मानित पदों पर आसीन विदुषी मंडल प्रबन्धिका रितु गोयल , डॉ. मीनाक्षी रूहेला तथा प्रधानाचार्या श्रीमती सलोनी पंवार के कुशल नेतृत्व में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। यह वह पल था जब खुशी के साथ थोड़ा-थोड़ा विदाई का भावुक माहौल भी उपस्थित था, जिसने सभी के मन को भाव-विभोर कर दिया। परंपरा के अनुसार अपने प्रिय विद्यार्थियों को समय आने पर विदाई दी जाती है। 12वीं कक्षा का यह बैच अत्यंत अनुशासित एवं उत्कृष्ट रहा, सभी विद्यार्थी अपने विद्यालयीन जीवन को गरिमा के साथ पूर्ण कर आगे की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इस अवसर पर कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा अत्यंत सुंदर एवं सुसंगठित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विभिन्न विषयों पर आधारित रंगारंग डांस प्रस्तुतियों ने समारोह में उत्साह और उमंग का संचार किया। मधुर संगीत प्रस्तुतियों ने वातावरण को भावुक एवं आनंदमय बना दिया। गीतों और सुरों की प्रस्तुति ने विदाई के क्षणों को और भी यादगार बना दिया। समारोह के दौरान मिस्टर फेयरवेल के रूप में राज सांगवान एवं मिस फेयरवेल के रूप में खुशबु का चयन किया गया। मिस्टर ऑल राउंडर अक्ष तथा मिस ऑल राउंडर फिजा रहीं। स्टार परफॉर्मर पलक एवं मिस्टर चैटर वासु घोषित किए गए। शिक्षकों के प्रेरणादायक उद्बोधनों तथा प्रबन्धिका महोदया रितु गोयल एवं प्रधानाचार्या सलोनी पंवार के आशीर्वचनों से विद्यार्थी आत्मविभोर हो उठे। फोटो सेशन, डीजे डांस एवं स्वादिष्ट भोजन के साथ यह विदाई समारोह हर्षोल्लास एवं भावुकता के संग सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## गंगा घाट हुआ कावड़ियों की जय घोष से भक्तिमय चहुंओर गूंज रहे बम बम भोले जयकारे।

वेलकम इंडिया



**रामघाट/बुलंदशहर/** फागुन मास के महाशिवरात्रि मेला पर रामघाट गंगा घाट पर राजस्थान हरियाणा मथुरा वृंदावन प्रदेश जनपदों से लाखों की संख्या में आए शिव भक्त अपनी कांवड़ों को दुल्हन की तरह सजा धजा जल भरकर पूजा अर्चना के साथ भोला तेरी बम जय भोले की डीजे भोलेनाथ के गानों की धुन में नाचते कूदते अपने गंतव्य को हुए रवाना गंगा घाट से लेकर अलीगढ़ तक शिव भोले के जयकारों में गुंजायन हो रहा है आज से चलेगा हरदासपुर बिजौली अलीगढ़ का कांवड़ मेला चलेगा एसडीएम मनीष कुमार सीओ मधुप कुमार सिंह रामघाट थाना प्रभारी संदीप सिंह मय पुलिस बल के साथ मेला में भ्रमण कर असमाजिक तत्वों में कड़ी नजर रखे हुए हैं जिससे कोई अप्रिय घटना ना घट सके इधर सीएमओ सुनील कुमार दोहरे के सख्त निर्देश पर घाट पर कांवड़ियों के लिए लगें स्वास्थ्य कैंप में स्वास्थ्य कर्मी शिव भक्तों की मरहम पट्टी सर्दी जुकाम दर्द बुखार की दवा देते देखा जा है मेले में कांवड़ियों की कांवड़ को सजाने की सामग्री की दुकानें दुल्हन की सज धज कर लगी हुई जिनसे शिव भक्त श्रद्धालु बड़े उत्साह के साथ सामान खरीदते देखा जा रहा है घाट पर शिव भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था है हेतु अस्थाई पुलिस कोतवाली बनाई गई है खोया पाया कैंप में रेडियो अलाउंस भी किया जा रहा है शिव भक्तों की सहयोग के लिए घाट पर सुरेंद्रा नंद गिरि महाराज महामंडलेश्वर गंगा धाम रामघाट भाजपा नेता सत्यवीर सिंह सिंह यादव प्रधान प्रतिनिधि लक्ष्मण शर्मा ओमवीर सिंह एडवोकेट इंद्रपाल सिंह यादव विनोद शर्मा हिमांशु शर्मा शिवम भारद्वाज श्याम सुंदर शर्मा मीडिया कर्मी जेपी गौतम योगेश भारद्वाज सरवन कुमार कैलाश डीलर दिलीप सिंह सिविल डिफेंस आदि समाजसेवी लगे हुए हैं

# गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स कॉलेज में स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय मोदीनगर में इतिहास विभाग के द्वारा स्वामी दयानंद सरस्वती की 201 वीं जयंती प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा के दिशा-निर्देशन में मनायी गयी। सर्वप्रथम स्वामी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया इसके पश्चात उनके जीवन दर्शन पर राजनीतिक विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉक्टर नूतन सिंह के द्वारा प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर प्राचार्य एंव डॉक्टर मीनु अग्रवाल ने छात्राओं व शिक्षिकाओं को मिष्ठान वितरित कर उनके जीवन से प्रेरणा लेने को प्रोत्साहित किया की किस प्रकार से स्वामी जी ने 1875 मे आर्य समाज की स्थापना की ।कार्यक्रम मे डॉ ऋषिका पाण्डेय, डॉ नुतन सिह , डॉ राखी मित्तल, डॉ चेतना, मीनू अग्रवाल, गायत्री , ऐश्वर्य बहुगुणा, मंजू कनौजिया, शालू देवी, आदि ने भागीदारी की। इतिहास विभागाध्यक्षा रश्मि चौधरी ने स्वामी जी के द्वारा वेदों की और लोटो का नारा देकर भारतीय संस्कृति की रक्षा का प्रयास किया गया इस पर प्रकाश डाला।

# नि:शुल्क फिजियोथेरेपी मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** लायंस क्लब मोदीनगर राइजिंग स्टार व श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति (पंजी) के संयुक्त तत्वावधान मे एक निःशुल्क फिजियोथेरेपी मैडिकल कैम्प का आयोजन किया गया।

मोदीनगर। लायंस क्लब मोदीनगर राइजिंग स्टार व श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति (पंजी) के संयुक्त तत्वावधान मे एक निःशुल्क फिजियोथेरेपी मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। यह कैंप डा. गर्ग फिजियोथेरेपी सैन्टर पर आयोजित किया गया। इस कैम्प को सफल बनाने मे डा. अनुपम गर्ग का विशेष योगदान रहा। उन्होंने लगभग 28 रोगियो की जांच करी उनकी समस्याओं को समझा तथा उनका समाधान करने का प्रयत्न किया। कैम्प का शुभारम्भ श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समीति (पंजी)व लायंस क्लब मोदीनगर राइजिंग स्टार की संरक्षिका मीना तायल जी ने डा. अनुपम गर्ग जी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वही श्री वैश्य कुटुम्ब की प्रदेश चेयरमैन व लायंस क्लब मोदीनगर राईजिग स्टार की अध्यक्ष लायन डा. वर्षा गुप्ता जी ने डा. अनुपम गर्ग व डा. रिचा गर्ग को अपनी समस्त महिला शक्ति के साथ एक सूक्ष्म उपहार देकर सम्मानित किया। डा. अनुपम गर्ग जी द्वारा जाँच कराने वाली प्रत्येक महिला शक्ति को उचित परामर्श दिया।इस शिविर में कल्पना गुप्ता, मुदिता जैन, प्रियंका मोदी, आरती मोदी, शालिनी गर्ग, रूचि गर्ग, चीनू सिंघल, ललिता गुप्ता, निधि सिंघल, रीतू गोयल, पूनम गर्ग, भावना मोदी, आँचल गोयल उपस्थित रही। डा. वर्षा गुप्ता ने बताया महिलाओ के स्वास्थ्य हेतु उनकी संस्था भविष्य मे भी इस प्रकार के कैम्प आयोजित करती रहेगी।

# मतदाता सूची शुद्धिकरण पर सख्ती: सीईओ नवदीप रिणवा का निरीक्षण

## हिन्दी भवन में बीएलओ-सुपरवाइजरों संग समीक्षा बैठक, पारदर्शिता व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को जनपद भ्रमण के दौरान मैदानी स्तर पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर चल रहे अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने 55-साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के नगर पालिका बालिका इण्टर कालेज स्थित नोटिस सुनवाई केंद्र का निरीक्षण किया तथा बाद में हिन्दी भवन में 53-लोनी, 54-मुरादनगर, 55-साहिबाबाद, 56-गाजियाबाद, 57-मोदीनगर एवं 58-धौलाना (आंशिक) के बीएलओ और सुपरवाइजरों से संवाद स्थापित किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नोटिस सुनवाई केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं, शिकायत निस्तारण व्यवस्था और नागरिकों को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित मतदाताओं से सीधे संवाद कर समस्याएं और सुझाव सुने तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी वार्ता कर उनके सुझाव लिए और प्रक्रिया में दिए जा रहे सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी से संभव है। प्रशासन का दायित्व है कि प्रत्येक पात्र नागरिक को मताधिकार के प्रयोग में किसी प्रकार की असुविधा न हो। नोटिस सुनवाई केंद्रों पर शालीन व्यवहार, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने पर विशेष बल देते हुए उन्होंने मतदाता जागरूकता कैंप बढ़ाने के निर्देश दिए। जनपद में बूथ एवं सोसाइटी स्तर पर 86 विशेष कैंप आयोजित किए गए हैं। साथ ही बीएलओ स्तर पर सुनवाई, वीडियो कॉल के माध्यम से सत्यापन और सॉफ्ट कॉपी पर आईडी जांच की पहल की जानकारी भी दी गई। हिन्दी भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में मतदाता सूची के अद्यतन, नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम संशोधन, स्थानांतरण और विलोपन संबंधी कार्यों की गहन समीक्षा की गई। बीएलओ और सुपरवाइजरों ने अपने अनुभव साझा किए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें और अधिक सजगता के साथ दायित्व निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जनपद की सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 20,19,852 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 1,53,048 मतदाता 'नो मैपिंगज् श्रेणी तथा 5,77,689 मतदाता 'लॉजिकल डिस्क्रीपेंसीज् श्रेणी में हैं। कुल 7,30,737 (36 प्रतिशत) मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए, जिनमें से 7,04,726 (96.44 प्रतिशत) नोटिस जनरेट किए जा चुके हैं। 1,55,882 (22.12 प्रतिशत) नोटिस बीएलओ द्वारा वितरित किए गए हैं तथा 76,558 (11 प्रतिशत) प्रकरणों की सुनवाई संबंधित निर्वाचक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा पूर्ण की जा चुकी है। नोटिस सुनवाई की प्रक्रिया 15 मार्च 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटिरहित प्रक्रिया सुनिश्चित करने में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां फार्म-6 एवं मैपिंग कार्य के लिए अधिक संख्या में नागरिक पहुंच रहे हैं, वहां अतिरिक्त कैंप आयोजित कर कार्य को सुगम बनाया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद में संचालित अभियान की प्रगति, जनजागरूकता गतिविधियों और घर-घर सत्यापन कार्य की जानकारी दी तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए चलाए जा रहे व्यापक अभियान का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 39 बीएलओ, 11 बीएलओ सुपरवाइजर, 6 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और 5 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अतुल त्यागी एवं तनुज गंभीर को प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

# महाशिवरात्रि की तैयारियां तेज, 24 घंटे अलर्ट रहेगा निगम अमला



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने अधिकारियों की टीम के साथ दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर में महंत श्री नारायण गिरी से मुलाकात कर पर्व को लेकर चल रही तैयारियों की जानकारी ली और परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों का भी भ्रमण किया। नगर आयुक्त ने सर्वप्रथम भगवान महादेव की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया, इसके बाद अधिकारियों के साथ विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर और आसपास की सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। हालांकि महंत द्वारा प्रकाश व्यवस्था को और सुदृढ़ करने का अनुरोध किया गया, जिस पर नगर आयुक्त ने तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रकाश विभाग को अस्थायी लाइटिंग और अतिरिक्त सजावटी रोशनी की व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। मंदिर परिसर के साथ-साथ बाहर की सड़कों और मार्गों को भी पूर्ण रूप से प्रकाशयुक्त किया जा रहा है। नगर आयुक्त ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल के साथ गंगाजल की भी व्यवस्था की गई है। गंगाजल के छह टैंकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मंदिर परिसर और आसपास सफाई मित्रों की अलग टीम तैनात की गई है। पर्याप्त संख्या में डस्टबिन लगाए गए हैं और पूजा सामग्री के निस्तारण के लिए विशेष वाहन की व्यवस्था की गई है। नगर आयुक्त ने कहा कि पर्व के दौरान निगम के सभी विभागों की टीमें और अधिकारी 24 घंटे अलर्ट रहेंगे, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## तीन मौतों के मामले में गिरफ्तार कमरूद्दीन सात साल से विजयनगर फेस-2 में डेरा, खुद को 'हजरत सूफी' बताकर करता था टोना-टोटका

**गाजियाबाद।** दिल्ली में तीन लोगों की मौत के मामले में गिरफ्तार कमरूद्दीन पिछले करीब सात वर्षों से लोनी के विजयनगर फेस–2 क्षेत्र में जैतून अब्बासिया मस्जिद के पास एक मजार में रह रहा था। पुलिस के अनुसार वह मूल रूप से फिरोजाबाद का निवासी है और उसके पिता का नाम नसरूद्दीन बताया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक कमरूद्दीन ने जिस मकान में मजार बनाई थी, उसी के भीतर रहकर वह कथित तौर पर टोना–टोटका करता था। आसपास लगभग 1500 की आबादी निवास करती है, लेकिन पड़ोसियों का कहना है कि वह अधिकतर मजार के भीतर ही रहता था और आसपास के लोगों से ज्यादा मेलजोल नहीं रखता था। परिवार में उसके पांच बेटे समीउनुद्दीन, भल्लू, अमरूद्दीन, चमन और राजू बताए गए हैं। इनमें से तीन फिरोजाबाद में रहते हैं, जबकि अमरूद्दीन और राजू लोनी में उसके साथ रह रहे थे। राजू की पत्नी शाहीन भी वहीं रहती हैं। अमरूद्दीन घर के पास 'बिस्मिला होटल' चलाता है और राजू रिक्शा चालक है। कमरूद्दीन की पत्नी शायरा, जेठानी अफरोज और ननद शबनम फिरोजाबाद में रहती हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार अब तक कमरूद्दीन का कोई पूर्व आपराधिक इतिहास सामने नहीं आया है। दिल्ली पुलिस को उसके पास से एक विजिटिंग कार्ड बरामद हुआ है, जिसमें उसका नाम 'हजरत सूफी कमरूद्दीन मियां' अंकित है। कार्ड पर धार्मिक वाक्यांशों के साथ उसका पता राशिद अली गेट, गढ़ी शब्लू रोड, अशोक विहार पानी की टंकी के आगे, जिले के ट्यूबवेल के पीछे, लोनी दर्ज है। दिल्ली पुलिस से सूचना मिलने के बाद लोनी पुलिस भी कमरूद्दीन की पृष्ठभूमि और गतिविधियों की जानकारी जुटाने में लगी है। वहीं कमरूद्दीन की बहू शाहीन का कहना है कि आठ फरवरी की रात करीब एक बजे पुलिस उनके परिजनों को फिरोजाबाद से लेकर लोनी पहुंची और उनके पति, ससुर व देवर को जरूरी काम बताकर अपने साथ ले गई। उनका आरोप है कि तब से अब तक उन्हें रिहा नहीं किया गया है। फिलहाल मामले में जांच जारी है और पुलिस संबंधित तथ्यों को खंगाल रही है।

## मेरठ महापंचायत से पहले पिंकी चौधरी नजरबंद

**गाजियाबाद।** मेरठ में शुक्रवार को प्रस्तावित महापंचायत में शामिल होने जा रहे हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी को बृहस्पतिवार देर रात पुलिस ने उनके शालीमार गार्डन स्थित आवास पर नजरबंद कर दिया। उन्होंने स्वयं इंटरनेट मीडिया पर वीडियो जारी कर इसकी जानकारी दी। वीडियो संदेश में पिंकी चौधरी ने कहा कि मेरठ में आयोजित होने वाली हिंदू महापंचायत 'लव जिहादज् के विरोध में बुलाई गई थी। उनका दावा था कि इस मुद्दे के कारण कई परिवार पलायन को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि जैसे ही उन्होंने बृहस्पतिवार शाम महापंचायत में शामिल होने की घोषणा की, रात में पुलिस बल उनके आवास पर पहुंच गया और उन्हें नजरबंद कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार शुक्रवार शाम तक पुलिस उनके आवास पर तैनात रही और उन्हें मेरठ जाने की अनुमति नहीं दी गई। वीडियो में उन्होंने समर्थकों से महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील भी की। इस संबंध में अतुल कुमार, एसीपी शालीमार गार्डन, ने बताया कि कानून–व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया गया था। पुलिस ने स्थिति को संवेदनशील देखते हुए संभावित तनाव को रोकने के लिए कार्रवाई की। फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क बनी हुई है।

## छह माह से जलभराव की मार, सीवर-नाला ओवरफ्लो से 20 हजार लोग परेशान

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम के न्यायखंड–एक, न्यायखंड–दो और अभयखंड क्षेत्र में पिछले करीब छह माह से सीवर और नाला ओवरफ्लो होने के कारण गंभीर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। लगातार पानी भरे रहने से स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव की समस्या का असर आम नागरिकों के साथ–साथ खिलाडि ?ों पर भी पड़ रहा है। न्यायखंड–एक स्थित जीडीए के मल्टी स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स के बाहर भी पानी भरा हुआ है, जिससे खिलाडि ?ों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। स्थिति यह है कि प्रवेश द्वार के सामने जमा पानी को पार करने के लिए लकड़ी के फट्टों का अस्थायी इंतजाम किया गया है। रोजाना करीब 500 खिलाड़ी अभ्यास के लिए पहुंचते हैं और उन्हें इन्हीं फट्टों के सहारे अंदर जाना पड़ता है। कई बार फिसलन के कारण खिलाड़ी गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। स्पोट्र्स कॉम्प्लेक्स में प्रशिक्षण ले रहे खिलाडियों का कहना है कि छह माह से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। जलभराव के चलते सड़कें भी बदहाल हो चुकी हैं। जगह–जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिनके कारण वाहन चालक और राहगीर आए दिन हादसे का शिकार हो रहे हैं। सुपरटेक आइकन सोसायटी के एओए अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र में सीवर लाइन डालने और नाला निर्माण का कार्य चल रहा है, लेकिन इसकी रफ्तार बेहद धीमी है। निर्माण कार्य लंबा खिंचने से समस्या और गंभीर होती जा रही है। जलभराव से सुपरटेक आइकन, गौर ग्रीन विस्टा, वी3एस इंद्रलोक, पत्रकार विहार और जीडीए फ्लैट्स समेत करीब 20 हजार लोग प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की जा रही है, जिसके कारण स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। लोगों ने बताया कि जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से शीघ्र प्रभावी कदम उठाने की मांग की है, ताकि लंबे समय से चली आ रही इस परेशानी से राहत मिल सके।

# रिवर हाईट्स में लोकतंत्र बंधक! 80 शिकायतें, एफआईआर-0742/2025 और फिर भी चुनाव की जिद—निवासी बोले: रोक नहीं, रद्द करो

अरुण मिश्रा वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** एक साल में विकास से विवाद तक का सफर, रजिस्टार दफ्तर के चक्कर काटते थके लोग कभी अपने काम, प्रोग्राम और विकास से पहचान बनाने वाली रिवर हाईट्स सोसाइटी आज आरोपों, एफआईआर और प्रशासनिक खींचतान के भंवर में फंसी है। निवासियों का आरोप है कि पिछले एक वर्ष में सोसाइटी की छवि बुरी तरह धूमिल हुई है और अब चुनाव प्रक्रिया को लेकर हालात विस्फोटक हो चुके हैं। थाना नंदग्राम में दर्ज ऋकफ संख्या 0742/2025 के बावजूद चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ाने की कोशिशों ने विवाद को और भड़का दिया है। रहवासियों का कहना है कि बिना जनरल बॉडी मीटिंग (ऋइट) बुलाए, बिना विधिवत चुनाव समिति बनाए और बिना पारदर्शी प्रक्रिया अपनाए चुनाव की पटकथा लिखी गई।




**80 से ज्यादा शिकायतें, फिर भी सुनवाई अधूरी:** निवासियों के अनुसार, अलग-अलग पक्षों की ओर से 70झ80 से अधिक शिकायतें रजिस्टार कार्यालय में लंबित हैं। सोशल मीडिया से लेकर प्रशासनिक दफ्तरों तक आवाज उठाई गई, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि दस्तावेजों में हेरफेर और कागजात गायब करने तक के मामले सामने आए, जिनकी जांच लंबित है।

**एक साल में बदला नाम:** जहां पहले सोसाइटी अपने विकास कार्यों और अनुशासन के लिए जानी जाती थी, वहीं अब आरोप लग रहे हैं कि मेंटेनेंस शुल्क को लेकर सवाल पदाधिकारियों पर पारदर्शिता की कमी पूरे वर्ष जीबीएम न कराना




मनचाही कमेटी बनाकर चुनाव कराने की कोशिश निवासियों का कहना है कि घर बैठकर नाम तय कर लिए गए और औपचारिकता के लिए चुनाव का दिखावा किया जा रहा है। प्रशासन ने लगाई 20 तक रोक, पर मांग है—पूरी तरह रद्द करो बढ़ते दबाव के बीच डिप्टी रजिस्ट्रार ने 20 तारीख तक चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। लेकिन रहवासी अब सिर्फ रोक से संतुष्ट नहीं हैं। उनका साफ कहना है—जब मामला कानून और जांच के दायरे में है, तो चुनाव को पूरी तरह निरस्त किया जाए और प्रशासनिक निगरानी में नई, निष्पक्ष प्रक्रिया शुरू हो। 1500 परिवारों का भविष्य दांव पर रिवर हाईट्स में करीब 1500 से अधिक परिवार रहते हैं। निवासियों का कहना है कि यह सिर्फ पदों की लड़ाई नहीं, बल्कि पूरे समुदाय के भविष्य और विश्वास का सवाल है। अब सबकी नजर 20 तारीख की सुनवाई पर टिकी है। क्या चुनाव कानूनी कसौटी पर खरा उतरेगा या फिर रिवर हाईट्स में लोकतंत्र की नई जंग छिड़ेगी? रिवर हाईट्स में इस बार मुकाबला वोट से ज्यादा भरोसे का है—और फैसला कानून की चौखट पर होगा।

# ट्विटर पर शिकायत, जीडीए ने दिया नंबर फिर भी सवाल कायम

अरुण मिश्रा वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के डीएलएफ दिलशाद एक्सटेंशन2, साहिबाबाद स्थित प्लॉट संख्या अ-1, अ-3 व इ-1/107 पर चल रहे कथित अवैध निर्माण का मामला अब सोशल मीडिया से लेकर अधिकारियों के निजी संदेश तक पहुंच गया है। सामाजिक कार्यकर्ता रवि सनातनी ने ट्विटर ( ) पर मुख्यमंत्री कार्यालय व गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को टैग करते हुए शिकायत दर्ज कराई। साथ ही संबंधित अधिकारी को निजी संदेश भेजकर निचले स्तर पर साठगांठ और लापरवाही के आरोप भी लगाए।

ऋऊअ की ओर से जवाब देते हुए शिकायत संख्या ऋऊअ71978 जारी की गई और बताया गया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है। लेकिन




बड़ा सवाल यह है कि शिकायत दर्ज होने के बाद भी क्या मौके पर निर्माण रुका? स्थानीय लोगों का आरोप है कि मानचित्र के विपरीत निर्माण किया जा रहा है और पार्किंग क्षेत्र में भी अवैध तरीके से फ्लैट व दुकानें विकसित की जा रही हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में क्षेत्र को ट्रैफिक, पार्किंग और सुरक्षा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जीडीए केवल शिकायत संख्या जारी कर औपचारिकता पूरी करेगा या फिर जमीनी स्तर पर सख्त कार्रवाई भी देखने को मिलेगी।

# बढ़ता स्क्रीन टाइम बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा: सीमा त्यागी

अनिल कुमार

**गाजियाबाद।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी ने बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए सरकार से स्कूलों द्वारा कम से कम कक्षा पांच तक के बच्चो को ऑनलाइन होमवर्क भेजने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ता स्क्रीन टाइम छोटे बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और सामाजिक व्यवहार पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है, जिसे अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ह्लशिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम पूरा कराना नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व का समग्र विकास करना है। छोटे बच्चे हो या फिर बड़े ऑनलाइन होमवर्क ने सभी को किताबों और खेल के मैदान से दूर कर मोबाइल और लैपटॉप तक सीमित कर दिया है। इससे



आंखों की समस्या, तनाव, चिड़चिड़ापन और एकाग्रता में कमी जैसी परेशानियां तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि छोटे बच्चों के लिए डिजिटल माध्यमों का अत्यधिक उपयोग उनके प्राकृतिक विकास में बाधा बन रहा है। इसलिए जरूरी है कि स्कूल पारंपरिक और रचनात्मक शिक्षण पद्धतियों को अपनाएं, जिससे बच्चों में लिखने-पढ़ने की आदत, कल्पनाशक्ति और सामाजिक सहभागिता मजबूत हो। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने केंद्र और राज्य सरकारों से स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है, ताकि सभी स्कूल इस व्यवस्था का ईमानदारी से पालन करें और बच्चों को अनावश्यक डिजिटल दबाव से मुक्ति मिल सके। अंत में सीमा त्यागी ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के स्क्रीन टाइम पर नियंत्रण रखें और उन्हें खेल-कूद, पुस्तक पढ़ने तथा रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित करें, ताकि एक स्वस्थ, आत्मविश्वासी और संतुलित पीढ़ी का निर्माण हो सके।

# लोनी शिव विहार से मंडोला विहार तक पिंक लाइन विस्तार की तैयारी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोनी क्षेत्र के निवासियों को जल्द ही मेट्रो कनेक्टिविटी की सौगात मिलने की उम्मीद है। शिव विहार से मंडोला विहार तक पिंक लाइन के विस्तार की दिशा में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने औपचारिक तैयारी शुरू कर दी है। प्रस्तावित रूट पर फिजिबिलिटी जांच के लिए बहु-विभागीय कमेटी गठित कर फिजिकल सर्वे का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के सचिव विवेक मिश्रा ने बताया कि शिव विहार से मंडोला विहार तक मेट्रो विस्तार की योजना पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। इसके लिए जीडीए, आवास विकास परिषद, यूपीसीडा, नगर निगम और लोनी नगर पालिका के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए एक संयुक्त कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी प्रस्तावित रूट का विस्तृत अध्ययन कर रही है। करीब साढ़े 12 किलोमीटर लंबे इस संभावित विस्तार मार्ग पर सर्वे के दौरान कई अहम पहलुओं की जांच की जा रही है। इनमें यह देखा जाएगा कि मेट्रो लाइन किन-किन भूखंडों से होकर गुजरेगी, संबंधित भूमि का स्वामित्व किसके पास है तथा परियोजना से कितनी आबादी को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। साथ ही यात्री संभावनाओं, ट्रैफिक दबाव और भविष्य की जरूरतों का भी आकलन किया जाएगा। ज्ञात हो कि वर्तमान में पिंक लाइन का अंतिम स्टेशन शिव विहार मेट्रो स्टेशन है। प्रस्तावित विस्तार से लोनी क्षेत्र को सीधा मेट्रो नेटवर्क से जोड़ा जा सकेगा, जिससे दिल्ली-गाजियाबाद के बीच आवागमन और अधिक सुगम होने की संभावना है। जीडीए के अनुसार सर्वे रिपोर्ट एक माह के भीतर तैयार कर ली जाएगी।

